शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादकः संजय बघेल

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार




गुरुवार 4 सितंबर 2025 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in | वर्ष : 10 | अंक : 142 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### इलेक्ट्रिक वाहनों की सब्सिडी ग्राहकों को जल्द दें: हाको

**नईदिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली राज्य सरकार को आदेश दिया कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को सब्सिडी तुरंत जारी करें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि सरकार यह नहीं कह सकती कि दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2020 में सब्सिडी जारी करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2020 के तहत दो-पहिया, ई-रिक्शा, ई-ऑटो व मालवाहक को ज30,000 और पहली 1,000 इलेक्ट्रिक कारों को ज1.5 लाख तक की मदद का वादा था।

### जेएमएम बिहार में चुनाव लड़ेगी, इंडिया ब्लॉक से बातचीत जारी

**पटना।** जेएमएम महासचिव बिनोद पांडेय ने बुधवार को कहा कि पार्टी इंडिया ब्लॉक के साथ बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अभी सभी पार्टियों के साथ बातचीत चल रही है। शुरू में जेएमएम ने 12 सीटें मांगी थीं, अब सात-आठ सीटों पर समझौते की तैयारी है। तरापुर, कटोरिया, बांका, पूर्णिया, धमदाहा और चकाई सीटों पर फोकस रहेगा। 2005 और 2010 के विधानसभा चुनावों में जेएमएम ने एक सीट जीती थी। लेकिना उसके बाद किसी भी चुनाव में पार्टी सीट नहीं जीत पाई।

### हिमंत बिस्वा सरमा ने 3 लोगों को सीएए के तहत नागरिकता मिली

**दिसपुर।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को बताया कि असम में अब तक केवल तीन विदेशी नागरिकों को सीएए के तहत नागरिकता मिली। जबकि 12 आवेदन आए थे। बाकी 9 आवेदनों पर अभी हम विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कहा जा रहा था कि 20-25 लाख लोगों को नागरिकता मिल जाएगी। अगस्त 2024 में 50 वर्षीय दुलोन दास असम में सीएए के तहत नागरिकता पाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। केंद्र ने 11 मार्च 2024 को नियम जारी कर यह कानून लागू किया था।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# दिल्ली में यमुना का पानी घरों में घुसा, 12 हजार लोगों को हटाया

## गाजियाबाद में एक मंजिल तक घर डूबे, नोएडा में दिन में छाया अंधेरा

नई दिल्ली/चंडीगढ़/शिमला, एजेंसी।

**दिल्ली,** उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में बुधवार को तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में तेज बारिश होने की आशंका है। दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में सुबह की बारिश के बाद पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 207 मीटर तक पहुंच गया। यमुना खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर बह रही है। अब तक का हाईएस्ट वाटर लेवल 208.66 मीटर था।

यमुना बाजार, ओल्ड उस्मानपुर, ओल्ड गढ़ी मेंडू, तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। अब तक 12 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा चुके हैं। यूपी के गाजियाबाद में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कारें आधी डूब गईं। 7 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कई जगह एक मंजिल तक घर डूब गए हैं। नोएडा में बुधवार दोपहर अंधेरा छा गया। यहां दोपहर को दो घंटे तेज बारिश हुई।



### पंजाब में 23 जिलों में बाढ़, 30 लोगों की मौत

- पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है।
- उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना के जलस्तर के बढ़ने से 1000 फार्महाउस में पानी भर गया। यहां से लोगों को रेस्क्यू किया गया। मथुरा में बाढ़ से करीब 900 परिवार प्रभावित हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंच गया। शहर के कई घाट और 8 श्मशान घाट पानी में डूब गए।
- हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।
- हिमाचल प्रदेश में 1300 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मकान गिरने और लैंडस्लाइड में मौत हुई। आज सुबह कुल्लू में लैंडस्लाइड में 2 लोगों की मौत हो गई। कल शाम मंडी के सुंदरनगर में दो घरों पर लैंडस्लाइड हुई थी। हादसे में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। आज मलबे से 4 शव निकाले गए हैं। राज्य के 7 जिलों में स्कूल-कॉलेजों को बंद रखा गया है।
- मध्य प्रदेश में अब तक 970.28मिमी बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 104% है, जबकि अब तक 800.1मिमी बारिश होनी थी। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 939.8मिमी है। पिछले मानसूनी सीजन में औसत 1117.6मिमी बारिश हुई थी।

### बिस्किट खाकर गुजार कर रहे लोग

एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि परिवारों के पास न तो खाना है और ना ही बर्तन.. हम अपने खाना पकाने का सामान भी नहीं ला सके। अब हमारे पास खाना पकाने की कोई सुविधा नहीं है। लोग सिर्फ बिस्किट खाकर गुजारा कर रहे हैं। लोगों को अपने बुजुर्ग माता-पिता को कमर तक गहरे पानी में से पार कराते हुए देखा गया। कुछ लोग सड़क किनारे टेंटों में अपने बचाए हुए सामान के साथ बैठे नजर आए।

### कारें, मोटरसाइकिलें, घर-दुकानें सब डूबीं

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में कारें, मोटरसाइकिलें और फर्नीचर पानी में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। कई निवासी दूर खड़े होकर बेबसी से अपने घरों को पानी में डूबते देख रहे हैं। मॉनेस्ट्री मार्केट में एक दुकानदार सचिन यादव ने कहा कि हमारी दुकान कल से बंद है। पूरा परिवार इसी पर निर्भर था। पानी को कम होने में कई दिन लगेंगे। इतने दिन तक हमारी कोई कमाई नहीं होगी।

### यूपी में पानी भरी खाई में पलटी प्राइवेट बस

यूपी के बदायूं में बुधवार की दोपहर प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पानी भरी खाई में पलट गई। एक मासूम और महिला की हादसे में मौत हो गई है। कई लोग घायल हैं। कुछ लोगों के बस के नीचे दबे होने की भी आशंका जताई जा रही है। यूपी के बदायूं में बुधवार की दोपहर बड़ा हादसा हो गया। प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पानी भरी खाई में पलट गई। हादसे में एक मासूम और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के बस के नीचे दबे होने की भी आशंका जताई जा रही है। हादसा दातागंज कोतवाली क्षेत्र के डहरपुर के पास हुआ। भश म्याऊं से बदायूं आ रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया है। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बस में 24 यात्री सवार थे।

# राज्यपाल का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

## बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सुप्रीम कोर्ट में दलील; राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला



नई दिल्ली। एजेंसी

**विधानसभा** से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया। राज्यों ने कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। वहीं, कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते।

चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

**पश्चिम बंगाल: जनता की इच्छा को रोका नहीं जा सकता**

पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा, या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा।

### हिमाचल : गवर्नरों का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा, फ़संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

### कर्नाटक- राज्य में 'डायार्की' नहीं हो सकती

कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में दोहरी सरकार (डायार्की) की व्यवस्था नहीं हो सकती। गवर्नर को हमेशा मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होगा।उन्होंने कहा कि संविधान गवर्नर को सिर्फ दो स्थितियों में ही विवेकाधिकार देता है। पहली, जब गवर्नर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते हैं और दूसरी, जब कोई बिल हाईकोर्ट की शक्तियों को प्रभावित करता है (अनुच्छेद 200 की दूसरी शर्त)। इन दो स्थितियों को छोड़कर गवर्नर के पास कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं है।

# ट्रम्प बोले- भारत का अमेरिका से एकतरफा रिश्ता

## उन्होंने 100% टैरिफ लगाया, वे हमसे व्यापार कर रहे थे, क्योंकि हमने चार्ज नहीं वसूला

वॉशिंगटन डीसी। एजेंसी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत पर 50% टैरिफ इसलिए लगाया है, क्योंकि लंबे समय तक दोनों देशों के बीच 'एकतरफा रिश्ता' था। एक प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने कहा कि भारत, अमेरिकी सामानों पर 100% टैरिफ लगाता है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसकी वजह से अमेरिका और भारत के व्यापार में



असंतुलन पैदा हो गया है।

ट्रम्प ने उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन भारत में मोटरसाइकिल नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत ने 200% टैरिफ लगाया हुआ था। इस वजह से कंपनी ने भारत में ही एक प्लांट बनाया, जिससे अब उसे टैरिफ नहीं देना पड़ता। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50% टैरिफ लगाने के बाद आर्थिक तनाव बढ़ा है और इसके साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भारत को 25% एक्स्ट्रा टैरिफ झेलना पड़ रहा है।

# यूट्यूब पर झूठी-आपत्तिजनक बातें फैल रहीं : कर्नाटक हाईकोर्ट

## मानहानि कानून इन्हें रोकने के लिए काफी नहीं, कन्नड़ चैनल के एडिटर को फटकार लगाई

बेंगलुरु। एजेंसी

**कर्नाटक** हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि आजकल यूट्यूब पर झूठी और आपत्तिजनक बातें इतनी आसानी से फैल रही हैं कि इन्हें रोकने के लिए मानहानि का कानून काफी नहीं है। अदालत ने कहा- लोग बेझिझक किसी को भी बदनाम कर रहे हैं और उनकी निजी जिंदगी में दखल दे रहे हैं, इस पर काबू पाने के लिए एक ठोस नीति बनाने की जरूरत है। कोर्ट




कन्नड़ प्रभा के एडिटर-इन-चीफ रवि हेगडे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने मंत्री केजे जॉर्ज की ओर से दर्ज कराए गए मानहानि केस को रद्द करने की मांग की थी। जॉर्ज ने 2020 में रवि पर उनके खिलाफ झूठे तथ्य पब्लिश करने और यूट्यूब पर दिखाने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

### कोर्ट का सुझाव- याचिकाकर्ता डिस्क्लेमर पब्लिश करें

अदालत ने रवि हेगडे को सुझाव दिया कि अखबार एक महत्वपूर्ण जगह पर डिस्क्लेमर (स्पष्टीकरण) प्रकाशित करे, जिसमें लिखा हो कि यह रिपोर्ट केवल किसी अन्य व्यक्ति के बयान पर आधारित थी और अगर इससे किसी को ठेस पहुंची है तो खेद है। ऐसा करने पर केस खत्म किया जा सकता है। याचिकाकर्ता हेगडे ने अदालत को बताया कि पहले हुई मध्यस्थता में अखबार से फ्रंट पेज पर माफी और इंटरव्यू छापने का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे मंत्री ने ठुकरा दिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि दोनों पक्ष आपस में समझौता करने की कोशिश करें, नहीं तो केस को फिर से मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा।

# पाक-अफगानिस्तान-बांग्लादेश से 2024 तक आए अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

## पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी, सीएए के तहत केंद्र का फैसला

नई दिल्ली। एजेंसी

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को राहत दी है। अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे।

केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो




चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी।

केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी।

**नेपाल-भूटान के नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं**

केंद्र ने आज के आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी।

हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं है लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा।

## विक्ट्री डे परेड में माओ जैसी ड्रेस में पहुंचे राष्ट्रपति जिनपिंग; कहा- हम डरते नहीं, आगे बढ़ते हैं

# चीन ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइलें दिखाईं

बीजिंग, एजेंसी।

**दूसरे** विश्व युद्ध में जापान की हार के 80 साल पूरे होने पर चीन में बुधवार को विक्ट्री डे परेड मनाया गया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राजधानी बीजिंग के थियानमेन चौक पर परेड की सलामी ली। जिनपिंग के भाषण के बाद सैन्य परेड निकाली गई।

जिनपिंग ने कहा कि चीन किसी की धमकियों से नहीं डरता और हमेशा आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने लोगों से इतिहास याद रखने और जापान के खिलाफ लड़ने वाले सैनिकों को सम्मान देने की अपील की।बीबीसी ने बताया कि परेड में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल्स, वायजे-21 एंटी-शिप क्रूज मिसाइल और जेएल-3 पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली बैलिस्टिक



मिसाइल शामिल थी।

वहीं डीएफ-5सी न्यूक्लियर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का एडवांस वर्जन 6एफ भी दिखाया गया। यह मिसाइल अमेरिका तक मार सकती है।

यह चीन की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड है। परेड से पहले शी जिनपिंग के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन समेत दुनिया के 25 देशों के नेता मंच पर दिखाई दिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीजिंग इस परेड के जरिए यह साबित किया कि वह अमेरिका का विकल्प है और दुनिया में गैर-पश्चिमी देशों का नेतृत्व करने की ताकत रखता है। भारत के पड़ोस से पाकिस्तानी क्क्रू शहबाज शरीफ, पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर, नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू परेड में मौजूद रहे।

### चीन की विक्ट्री-डे परेड से जुड़ी 4 बड़ी बातें...

- चीन ने परेड में लेजर, स्टील्थ जेट, मिसाइल, ड्रोन, रोबोटिक डॉग जैसे आधुनिक हथियार दिखाए।
- शी, पुतिन और किम एक साथ नजर आए। पश्चिमी देशों के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने की कोशिश।
- पुतिन-किम ने 1 घंटे से ज्यादा गुप्त बातचीत की, पुतिन ने किम को रूस आमंत्रित किया।
- किम अपनी बहन किम यो जोंग और बेटी किम जू ऐ को लाए, उत्तराधिकार की अटकलें बढ़ीं।
- ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में शी, पुतिन, किम पर अमेरिका के खिलाफ साजिश का आरोप लगाया।

### पुतिन ने किम को रूस आने का न्योता दिया

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने नॉर्थ कोरिया के नेता किम जोंग उन को रूस आने का न्योता दिया। दोनों के बीच चीन की राजधानी बीजिंग में द्विपक्षीय मुलाकात भी हुई। इसके अलावा करीब 1 घंटे तक बंद कमरे में गोपनीय बातचीत भी चली। दोनों नेता यहां चीन की 80वीं विक्ट्री डे परेड में शामिल होने पहुंचे थे।

# उल्टा पड़ा ट्रंप का दांव

## रूसी तेल की खरीद बढ़ाने को तैयार भारत, पुतिन दे रहे तगड़ा ऑफर

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर बीते 27 अगस्त को 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाकर इसे 50% कर दिया है और ये अतिरिक्त टैरिफ जुर्माने के तौर पर लागू किया गया है, जिसके पीछे वजह है भारत की रूसी तेल की खरीद. जी हां, ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल और हथियारों की खरीद बढ़ाकर यूक्रेन के साथ युद्ध में उसकी आर्थिक मदद करने का आरोप लगाते हुए टैरिफ बम फोड़ा है. हालांकि, अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके इस कदम से भारत दबाव में आ जाएगा, लेकिन ट्रंप का दांव उल्टा पड़ा है और रिपोर्ट के मुताबिक, रूस की ओर से की जा रही अतिरिक्त छूट की पेशकश के चलते भारत तेल की खरीद बढ़ाने की तैयारी में है.

ये खबर ट्रंप के टैरिफ अटैक के बाद चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की हालिया बैठक के बाद हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद सामने आई है. गौरतलब है कि रूसी तेल का भारत अकेला खरीदार नहीं है, बल्कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला चीन लंबे समय से रूसी तेल का सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है. हालांकि, भारत की बात करें, तो यूक्रेन युद्ध के बाद भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद बढ़ाई गई और ये तेजी से बढ़ी है.

**रूसी तेल से भारत को अरबों की बचत:** अमेरिका ने भारत पर तमाम आरोप लगाते हुए टैरिफ को डबल किया है, तो वहीं भारत सरकार की ओर से लगातार साफ किया गया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ कोई समझौता करने के मूड में नहीं है. बीते दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा था कि रूस के साथ भारत का ऑयल ट्रेड तेल की वैश्विक कीमतों को स्थिर रखता है.



### अमेरिकी टैरिफ के बाद बढ़ी तेल खरीद

अमेरिका के 50% टैरिफ के बावजूद भारत ने अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस के साथ संबंध मजबूत बनाए हुए हैं और इसका नजारा दुनिया ने एससीओ की बैठक के दौरान देखा. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होने के बाद यानी 27 अगस्त से 1 सितंबर के बीच भारत में सरकारी और प्राइवेट रिफाइनरियों ने 11.4 मिलियन बैरल रूसी तेल का आयात किया है. वहीं ऐसा अनुमान भी जताया जा रहा है कि रूस से ऑफर की जा रही छूट के चलते अगले महीने भारत में रूसी तेल के आयात में 10-20% या 1,50,000 से 3,00,000 बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त वृद्धि देखने को मिल सकती है.

### ट्रंप का भारत पर दबाव नहीं आया काम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रूसी क्रूड ऑयल की खरीद को लेकर भारत पर लगाए गए हाई टैरिफ की उनकी कोशिश उल्टी पड़ती नजर आ रही है. रिपोर्ट की मानें, तो अमेरिका के किसी भी दबाव में आने के बजाय भारत और पहले से भी ज्यादा रूसी तेल खरीदने के लिए तैयार है और इस बीच रूस की ओर से भारत को तेल पर भारी छूट का ऑफर भी दिया जा रहा है. ब्लूमबर्ग के अनुसार, सितंबर के अंत और अक्टूबर में भारत को रूसी यूराल क्रूड की आपूर्ति ब्रेंट क्रूड से 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल कम पर की जाने का ऑफर है. कुछ हफ्त पहले, यह अंतर 2.50 डॉलर था.

# क्या अमेरिका का विरोध करते-करते फिर जिंदा हो जाएगा कम्युनिज्म

## साथ दिखने लगे जोंग-जिनपिंग और पुतिन?

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ पर धमकाना और उल्टी-फुल्टी बयानबाजियां क्या शुरू कीं, देश लामबंद होने लगे. पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अकेले दिख रहे हैं. अब उनके साथ चीन के लीडर शी जिनपिंग और उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग भी कदमताल कर रहे हैं. तीनों का दुश्मन एक है- अमेरिका. कम्युनिज्म की कड़ी भी तीनों को गूंथती है. तीनों ही परमाणु ताकत भी रखते हैं. कुल मिलाकर, मामला दूध में मेवे की तरह घुलामिला है. लेकिन कम्युनिज्म तो बीते दिनों की बात हो चुका, या अब भी इसका कोई रूप यहां बाकी है.

**कम्युनिज्म आखिर है क्या बोला:** ये राजनीतिक-सामाजिक और आर्थिक सोच है जो मानती है कि सबके पास संसाधन बराबर होने चाहिए. कहानी शुरू होती है, 19वीं सदी के यूरोप से, जब औद्योगिक क्रांति आ चुकी थी. फैक्ट्रियों में मजदूर दिन-रात काम करते, लेकिन तनख्वाह इतनी कम थी कि पेट भरना मुश्किल था. अमीर और गरीब के बीच खाई चौड़ी होती गई.

तभी एक सोच आई. कारखानों से लेकर आय के सारे साधन-संसाधनों पर सबका हक हो. कुछ भी किसी एक का न हो. यूरोप से पनपा ये विचार आगे फैला और साल 1917 में रूस (तब सोवियत संघ) में हुई क्रांति ने इस सोच को हकीकत बना दिया. रूस आधिकारिक तौर पर दुनिया का पहला कम्युनिस्ट मुल्क बन गया.



### कैसे फैला बाकी संसार में

दूसरे विश्व युद्ध के बाद यहीं से कम्युनिज्म फैलने लगा. चीन से लेकर लाओस, क्यूबा और वियतनाम में भी सेंध लगी. फिर युद्ध के बाद का दौर आया. शक और डर से भरे इस वक्त में दुनिया दो खेमों में बंट गई. एक तरफ था अमेरिका का पूंजीवाद और दूसरी तरफ रूस का कम्युनिज्म. दोनों ही मजबूत देश थे और बाकियों को अपनी तरफ खींचने की कोशिश कर रहे थे. चीन तब रूस के काफी करीब हुआ करता था. हालांकि वक्त के साथ दोनों के नेता टकराने लगे.

## फास्ट ट्रैक

### पल भर में गंगा की धार में समा गया शख्स,

राष्ट्रबाण

**हरिद्वार.** हरिद्वार के कनखल स्थित राजघाट पर गणपति विसर्जन के दौरान निखिल गुप्ता नाम का एक युवक गंगा में डूब गया. यह घटना देर रात हुई जब निखिल विसर्जन में शामिल होने के लिए गया था. विसर्जन के दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह गंगा की तेज धारा में बह गया. युवक निखिल गुप्ता को बहता देख वहां हड़कंप मच गया. लोगों ने उसे बचाने की शिश भी की, लेकिन तेज बहाव और अंधेरा होने के कारण वह कहीं नजर नहीं आया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत युवक की तलाश शुरू की. हालांकि, रात के अंधेरे की वजह से सर्च अभियान में काफी परेशानी हुई और युवक का कुछ पता नहीं चल पाया. सुबह होते ही पुलिस और गोताखोरों ने एक बार फिर से तलाशी अभियान शुरू किया है. लेकिन अभी तक निखिल का कुछ पता नहीं चल पाया है. उसके परिवार में बेचैनी का माहौल है. संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा, घटना कैमरे में कैद निखिल गुप्ता कनखल के संदेश नगर, परमधाम आश्रम के पास का रहने वाला है. वह गणपति विसर्जन के लिए राजघाट गया था. पुलिस के अनुसार, विसर्जन के दौरान ही उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गंगा में जा गिरा. यह हादसा मोबाइल कैमरे में कैद हो गया. लोग सिर्फ बचाओ-बचाओ और पकड़ो-पकड़ो करते रह गए.

# GST बैठक के बीच विपक्षी राज्यों की मांग

## रेवेन्यू में होने वाले नुकसान की भरपाई का हो इंतजाम

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक शुरू हो गई है. इसमें अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को लेकर मिले प्रस्तावों पर चर्चा की जा रही है. बैठक में लिए गए फैसलों और जीएसटी रेट्स में बदलाव के बारे में कल यानी 4 सितंबर को ऐलान किया जाएगा. प्रमुख तौर पर चार जीएसटी स्लैब को घटाकर दो करने का प्रस्ताव है, जिसके तहत 12% और 28% के स्लैब को हटाकर सिर्फ 5% और 18% रखा जाएगा. जीएसटी रिफॉर्म की तैयारियों के बीच विपक्ष शासित राज्यों ने उनके राजस्व संरक्षण और उपभोक्ताओं को बदलाव का पूरा लाभ दिए जाने से संबंधित उपायों की मांग की है.

**'रेवेन्यू के नुकसान की हो भरपाई'**
बुधवार को नई दिल्ली में शुरू हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक के बीच विपक्षी राज्यों की ओर से काउंसिल के सामने मांग उठाई गई. हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल की ओर से कहा गया कि जीएसटी रेट्स में बदलाव से लेकर स्लैब की संख्या घटाने तक के सुधार का लाभ कंपनियों के बजाय सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए.

इसके अलावा राज्यों को इससे होने वाले रेवेन्यू के नुकसान की भरपाई के लिए भी प्रबंध किए जाने चाहिए. उनकी ओर से एक स्पष्ट मुआवजा योजना बनाए जाने की मांग की गई है. न केवल विपक्षी, बल्कि कुछ भाजपा शासित राज्यों ने भी संशोधित स्लैब से होने वाले संभावित नुकसान को लेकर अपनी चिंताएं शेयर की हैं.

गौरतलब है कि जब जीएसटी पहली बार लागू किया गया था, तो केंद्र की ओर से विलासिता और हानिकारक चीजों पर हाई जीएसटी के साथ ही उपकर लगाकर राज्यों को होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई का वादा किया था. अब विपक्षी शासन वाले राज्यों ने मांग करते हुए कहा है कि ऐसी चीजों पर 40% की दर के ऊपर लगाया गया कोई भी टैक्स राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए, ताकि उनके राजस्व घाटे की भरपाई हो सके. इसके अलावा पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर प्रतीक जैन के मुताबिक, जीएसटी सुधार कुछ ही दिनों में लागू हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि जीएसटी रेट्स में कटौती से खपत में इजाफा होगा, लेकिन केंद्र को राज्यों के फाइनेंस का भी सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना होगा.



### जीएसटी सुधार का राज्यों पर ये असर

एक्सपट्र्स का कहना है कि जीएसटी सुधारों का राजस्व पर असर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग होगा. बेकर टिली एएसए इंडिया एलएलपी के पार्टनर संदीप गुप्ता के मुताबिक, उपभोग-आधारित राज्यों को बढ़ी हुई मांग से लाभ हो सकता है, जबकि पंजाब, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे भारी कर्ज वाले राज्य जीएसटी रेवेन्यू में नुकसान से बड़े संकट का सामना कर सकते हैं. पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने भी यही चेतावनी दोहराते हुए कहा है कि विपक्षी राज्यों ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्याप्त मुआवजा जरूरी है. अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो राज्यों को होने वाले नुकसान का आंकड़ा 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है.

# "बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा 2025 का शेड्यूल जारी"

राष्ट्रबाण

**बिहार.** विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और इसी बीच राज्य सरकार ने शिक्षकों की भर्ती से जुड़ी बड़ी घोषणा की है. सरकारी स्कूलों में लंबे समय से खाली पड़े पदों पर बहाली की प्रक्रिया अब तेज हो गई है. बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा यानी TRE-4 से पहले STET (स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) का आयोजन किया जाएगा.

सरकार की इस घोषणा से हजारों उम्मीदवारों को राहत मिली है, क्योंकि लंबे समय से STET की मांग हो रही थी. अब यह साफ हो गया है कि बिना STET पास किए, उम्मीदवार 9वीं से 12वीं तक के शिक्षकों की भर्ती में शामिल नहीं हो पाएंगे.

STET कब और कैसे होगी परीक्षा?



बिहार स्कूल परीक्षा समिति (BSEB) इस बार STET परीक्षा का आयोजन करेगी. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 8 से 16 सितंबर तक लिए जाएंगे. यानी उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए केवल 9 दिन का मौका मिलेगा.

इसके बाद परीक्षा का आयोजन 4 से 25 अक्टूबर के बीच किया जाएगा. खास बात यह है कि परीक्षा समाप्त होते ही रिजल्ट जारी करने में ज्यादा देर नहीं होगी. रिजल्ट नवंबर में घोषित कर दिया जाएगा.

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हैं ये मुस्लिम

## क्या CAA के तहत इन्हें मिलेगा भारत में बसने का मौका?

राष्ट्रबाण

**इस्लामाबाद.** भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला किया है. सरकार ने आप्रवास और विदेशियों विषयक अधिनियम, 2025 के तहत एक अधिसूचना जारी की है. इसमें कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2024 तक भारत में दाखिल हो चुके पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को डिपोर्ट नहीं किया जाएगा और उन्हें भारत में रहने की इजाजत मिल जाएगी. हालांकि, यह छूट अवैध रूप से भारत में आए मुस्लिमों पर लागू नहीं होगी, यानी अवैध प्रवासी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई का रास्ता अभी भी खुला है.

नया नियम भारत में अवैध रूप से रह रहे अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के बारे में नहीं है, बल्कि उन्हें डिपोर्टेशन से सुरक्षा प्रदान करता है. इस कानून के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी समुदाय के लोग इसका लाभ ले सकते हैं. हालांकि, अहम सवाल यह है कि पाकिस्तान के अहमदिया मुस्लिम जिन्हें वहां गैर मुस्लिम माना जाता है, क्या वह भी इसके दायरे में आ सकते हैं...?

CAA किन पर लागू होता है?
नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी CAA उन शरणार्थियों को राहत देने के लिए लाया गया था, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न झेलकर भारत आए हैं. इसमें हिंदू, सिख, बौद्ध,



# इस बार बारिश ज्यादा हो रही या मौसम के 'सरप्राइज' से मच रही इतनी तबाही?

## कश्मीर से पंजाब-दिल्ली तक बाढ़ का कहर

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** पिछले कुछ दिनों से हिमालयी राज्य उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर लगातार प्राकृतिक आपदाओं का शिकार हो रहे हैं. भारी बारिश, भूस्खलन, बादल फटना और अचानक बाढ़ ने सैकड़ों लोगों की जान ले ली है. सड़कें-ब्रिज ध्वस्त हो गए हैं. हजारों लोग बेघर हो चुके हैं.

अगस्त 2025 में उत्तर-पश्चिम भारत में 2001 के बाद सबसे ज्यादा 265 मिमी बारिश हुई, जो रिकॉर्ड तोड़ने वाली है. भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने सितंबर 2025 के लिए सामान्य से 109% ज्यादा बारिश की चेतावनी दी है, जिससे और तबाही का खतरा बढ़ गया है.

अगस्त 2025 की तबाही: हिमालयी राज्यों में क्या हुआ?
अगस्त 2025 मॉनसून का सबसे विनाशकारी महीना साबित हुआ. IMD की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में 265 मिमी बारिश हुई, जो 1901 के बाद 13वीं सबसे ज्यादा है. जम्मू-उधमपुर में 24 घंटे में 380-630 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई, जो 99 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. हिमाचल प्रदेश: 320 मौतें, 788 सड़कें बंद, 2174 ट्रांसफॉर्मर डैमेज. मंडी, कुल्लू, शिमला में भूस्खलन से NH-3, NH-5 बंद. ब्यास नदी उफान पर, मनाली-लेह हाईवे ध्वस्त. कुल 23 फ्लैश फ्लड, 19 क्लाउडबर्स्ट, 16 भूस्खलन.



### मौसम की मार नहीं, विकास की गलतियां जिम्मेदार

भारतीय मौसम विज्ञान सोसायटी के अध्यक्ष और पूर्व IMD अधिकारी आनंद शर्मा ने राजेश डोबरियाल से बातचीत में कहा कि मौसम पूर्वानुमान बेहतर हो रहा है, लेकिन चेतावनियों पर प्रतिक्रिया न देना बड़ी समस्या है.

## आपदा

## बारिश-जलभराव ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# यमुना का जलस्तर कुछ घंटों में होगा 207.40 पार

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** दिल्ली में बाढ़ के हालात को देखते हुए केंद्रीय जल आयोग (CWC) ने बुधवार को नई एडवाइजरी जारी की है. आयोग ने चेतावनी दी है कि यमुना का जलस्तर आज रात 8 बजे तक 207.40 मीटर तक पहुंच सकता है. यह स्तर खतरे के निशान के काफी करीब है, जिससे राजधानी के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है.

फिलहाल यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और पानी कई निचले इलाकों की ओर बढ़ रहा है. प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और नदी किनारे रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है. इसके अलावा, राहत-बचाव टीमें भी अलर्ट मोड पर हैं. एडवाइजरी में कहा गया है कि रात 8 बजे के बाद भी जलस्तर में वृद्धि, गिरावट या स्थिरता बनी रह सकती है. हालांकि, आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह पूर्वानुमान वजीराबाद और ओखला बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा के आधार पर और प्रभावित हो सकता है.



### बारिश ने बढ़ाई मुसीबत

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में ऊपरी राज्यों में भारी बारिश हुई है, जिससे यमुना में पानी का प्रवाह तेजी से बढ़ा है. मौसम विभाग ने भी अगले दो दिनों तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.

### लोगों को शिफ्ट करने की हो रही तैयारी

दिल्ली सरकार ने कहा है कि यमुना के किनारे बसे इलाकों से लोगों को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है. बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम कर रहा है और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं.

### अगले 24-48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण

**एक अधिकारी ने बताया कि सुबह 5 बजे ओल्ड रेलवे ब्रिज पर यमुना का जलस्तर 206.74 दर्ज किया गया. उन्होंने बताया कि हथिनी कुंड बैराज से 1,70,728 क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से 1,25,485 क्यूसेक और ओखला बैराज से 1,65,145 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. ये पानी का प्रवाह पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से आने वाले जल के कारण और तेज हो गया है. अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगले 24-48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि जलस्तर में और बढ़ने की संभावनाएं हैं.**



# वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते में फिर भूस्खलन

## 9 दिनों से यात्रा निलंबित, कटरा बेस कैंप सुनसान

राष्ट्रबाण

**जम्मू.** के त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा बुधवार (3 सितंबर) को नौवें दिन भी स्थगित है. इस बीच मंदिर जाने के ट्रैक पर समर प्वाइंट में भूस्खलन (लैंड-स्लाइड) हुआ. हालांकि, घटना के समय कोई तीर्थयात्री मौजूद नहीं था, इसलिए किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ और न ही कोई घायल हुआ. रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर हुए भूस्खलन और भारी बारिश को देखते हुए एहतियातन अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्थाएं भी खाली करा दी हैं.

कटरा बेस कैंप सुनसान
वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा निलंबित रहने की वजह से श्रद्धालुओं की अनुपस्थिति में कटरा बेस कैंप पूरी तरह सुनसान दिखाई दे रहा है.

मौसम विभाग ने बुधवार (3 सितंबर) को बताया कि वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर में पिछले 24 घंटों के दौरान 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गयी, जो जम्मू क्षेत्र में सबसे अधिक है.

26 अगस्त को हुआ था बड़ा हादसा
वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा 26 अगस्त को रोक दी गई थी. हालांकि मंदिर खुला है और इसके पुजारी रोज प्रार्थना तथ अनुष्ठान कर रहे हैं. 26 अगस्त को अर्धकुंवारी के निकट पुराने मार्ग पर बारिश के कारण बड़ा भूस्खलन हुआ था.



### कब यात्रा होगी शुरू?

लगातार बारिश के कारण नदियों और नालों, बाणगंगा नदी में जलस्तर बढ़ गया है. बाणगंगा जम्मू से गुजरती है. अधिकारियों ने कहा कि यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय तब लिया जाएगा जब स्थिति में सुधार होगा और पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर तक 12 किलोमीटर लंबे दोहरे मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए अवरोध हटा दिया जाएगा.

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 4 सितंबर 2025

# राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# भोपाल में सीएम यादव बोले- बड़े तालाब में शिकारे चलाएंगे

## दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को बस सुविधा देने का वादा किया; यूनिवर्सिटी को मिले 100 करोड़



भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्य मंत्री कृष्णा गौर मौजूद रहीं। कुलगुरु प्रो. एस.के. जैन ने कहा कि यह अवसर विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. शशांक शेखर ठाकुर ने बताया कि नए सत्र में 14 सौ के करीब स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया है। मुख्यमंत्री ने जब कुलगुरु से पूछा कि क्या विद्यार्थियों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध है, तो छात्रों ने एक स्वर में ÷नहीं÷ कहा। इस पर मुख्यमंत्री ने कुलगुरु को निर्देश दिए कि जिन छात्रों को बस सुविधा की आवश्यकता है, उन्हें यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से छात्रों के साथ सफर करने का अनुभव अलग ही आनंद देता है और सरकार इसे सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी केवल डिग्री तक सीमित न रहें, बल्कि अपने माता-पिता, परिवार और समाज का मान-सम्मान बढ़ाने का सपना देखें। सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनने चाहिए।

### एमपी के कॉलेज भाषा के नाम तोड़ेंगे नहीं जोड़ेंगे

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार गरीब और साधारण परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश देश का 'हृदय प्रदेश' है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी और भी बड़ी हो जाती है। हम उन ताकतों को विफल करेंगे जो भाषा के नाम पर देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में देश की सभी प्रमुख भाषाओं को जोड़ने की पहल की जाएगी। हर भाषा को एक-एक विश्वविद्यालय से जोड़ा जाएगा और इसे क्रेडिट आधारित शिक्षा से जोड़ा जाएगा। मंत्री परमार ने कहा कि हमने सभी भाषाओं को पढ़ाने का संकल्प लिया है। आने वाले समय में भाषाएं जोड़ने का काम करेंगी और मध्यप्रदेश पूरे देश को यह संदेश देगा कि विविधता में ही एकता की ताकत है।

### बीयू के विस्तार के लिए मिले 100 करोड़ रुपए

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 55 करोड़ रुपए इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिनोवेशन के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस राशि में 37 करोड़ रुपए नव-निर्माण कार्यों पर खर्च होंगे, जिनमें 12 करोड़ रुपए कन्या छात्रावास के लिए, 18 करोड़ रुपए आई.टी. पार्क के लिए और 8 करोड़ रुपए एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के लिए स्वीकृत हुए हैं। वहीं, 18 करोड़ रुपए विभिन्न रिनोवेशन कार्यों पर खर्च किए जाएंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण परियोजना सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी लैब की स्थापना है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय परिसर में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे ग्रीन आइडिया भी लागू किए जाएंगे, ताकि कैंपस को पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा-सक्षम बनाया जा सके।

### बड़े तालाब में शिकारे चलाएंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल के बड़े तालाब को कश्मीर की झील की तरह विकसित करने की योजना तैयार की गई है। यहां शिकारे चलाए जाएंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी सेक्टर में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और शिक्षा व रोजगार से जुड़ी योजनाओं के लिए संसाधनों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कोर्स खोले जाएंगे और उन्हें तुरंत स्वीकृति दी जाएगी।

# पति ने किए दो महिलाओं से रेप, पत्नी ने वीडियो बनाए

## भोपाल के शख्स ने खुद को तलाकशुदा और पत्नी को मां बताया; 85 लाख रुपए ऐंठे

भोपाल। राष्ट्रबाण



भोपाल में दो तलाकशुदा महिलाओं ने जालसाज दंपती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी ने शादी डॉट कॉम पर खुद को तलाकशुदा बताकर दोनों से अलग-अलग मुलाकात की। फिर रेप करता रहा। उसकी पत्नी ने वीडियो बना लिए। आरोपी ने पत्नी को अपनी मां बताया था। बिजनेस करने के नाम पर आरोपी ने दोनों महिलाओं से 85 लाख रुपए ऐंठ लिए। जब रुपए लौटाने और शादी करने का बोला तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद एक पीड़िता ने तो सुसाइड की कोशिश की। परिजन ने उसकी काउंसिलिंग कराई और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद दूसरी महिला ने भी एफआईआर दर्ज कराई।

### आरोपी ने खुद को फैक्ट्री का मालिक बताया

डीसीपी संजय अग्रवाल ने बताया, अवधपुरी इलाके में रहने वाली 34 वर्षीय महिला ने बताया कि उसका तलाक हो गया है। वह प्राइवेट बैंक में क्लर्क है। दूसरी शादी के लिए उसने शादी डॉट काम पर प्रोफाइल बनाई। यहां अविनाश प्रजापति ने उससे संपर्क किया और खुद को तलाकशुदा बताया। यह भी बताया कि उसका स्टील का कारोबार है और छत्तसीगढ़ में धनलक्ष्मी नाम की फैक्ट्री का संचालन करता है।

### मां बताकर पत्नी से मुलाकात कराई

शादी डॉट काम पर दोनों के बीच शादी की बात चली। नजदीकी बढ़ने पर महिला अविनाश के बागसेवनिया इलाके के प्रतीक नगर स्थित घर पहुंची। इसके बाद अविनाश का भी उसके घर आना-जाना शुरू हो गया। अप्रैल में आरोपी ने महिला को अपने घर बुलाया। यहां उसकी पत्नी चंद्रिका पहले से मौजूद थी, जिसे आरोपी ने अपनी मां बताया। इसके बाद पर्सनल बात करने के बहाने अपने बेडरूम में ले गया। यहां उसने पीड़िता के साथ रेप किया। पत्नी ने दोनों के वीडियो बना लिए।

### बिजनेस में निवेश के नाम पर की ठगी

आरोपी ने पीड़िता से कहा कि हमारी शादी तो होने ही वाली है तुम कारोबार को बढ़ाने के लिए निवेश कर दो। महिला उसकी बातों में आ गई। उसने जमापूंजी सहित लोन लेकर 40 लाख रुपए और 5 लाख के जेवर अविनाश को दे दिए। पैसे और जेवर लेने के बाद अविनाश का बर्ताव बदल गया। जब शादी करने का बोला तो उसने मना कर दिया। महिला डिप्रेशन में आ गई और सुसाइड की कोशिश की। परिजन ने समझाया और काउंसिलिंग करवाई। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में की गई।

### ब्यूटीशियन से भी ऐंठे 40 लाख रुपए

ठीक इसी तरह अविनाश ने अशोका गार्डन इलाके में रहने वाली ब्यूटीशियन के साथ भी रेप और ठगी की वारदात को अंजाम दिया। उससे भी करीब 40 लाख रुपए ऐंठ लिए। इस तरह दोनों महिलाओं से अविनाश ने 85 लाख रुपए ऐंठ लिए।

# मैं महापौर था, तब भी जल भराव वाली सड़कों पर बैठा

## भोपाल सांसद आलोक शर्मा हुए नाराज, अफसरों से बोले- मुझे कुर्सी लगाकर न बैठना पड़े




भोपाल। राष्ट्रबाण

बारिश के दौरान भोपाल में जलभराव होने पर बुधवार को सांसद आलोक शर्मा नाराज हो गए। कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में उन्होंने अफसरों से कहा मैं जब महापौर था, तब भी जलभराव वाली सड़कों पर कुर्सी लगाकर बैठा, मुझे दोबारा ऐसा न करना पड़े। इसलिए जलभराव के हालात न बनने दें। सांसद शर्मा ने बैठक के दौरान एक बार फिर सड़क किनारे खड़े कंडम वाहनों को लेकर कार्रवाई करने की बात कहीं। उन्होंने ऑन स्पॉट फाइन लगाने और अतिक्रमण पर एक्शन लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि महापौर कार्यकाल के दौरान भी उन्होंने ऑन स्पॉट फाइन की शुरुआत की थी। उसी तर्ज पर अब फिर से कार्रवाई हो। ब्लैक स्पॉट हटाने और प्रमुख चौराहों पर रोटरी बनाने पर भी चर्चा की गई।

### बिना अनुमति नया ट्रांसफार्मर न लगाएं

सांसद शर्मा ने कलेक्टर, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की अनुमति के बिना कहीं भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाने की बात बिजली कंपनी के अधिकारियों से कही। ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई को भी कहा। अवैध पार्किंग को लेकर भी निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त नारायण, जिला पंचायत सीईओ ईला तिवारी, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक बसंत कौल, एसीपी ट्रैफिक अजय बाजपेयी, विजय दुबे, सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सीएम बोले- कलेक्टर जिला नहीं चला पा रहे, हटाना होगा

भोपाल। राष्ट्रबाण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन कलेक्टरों की प्रशासनिक व्यवस्था पर नाराजगी जताई है, जो खाद वितरण के मामले में किसानों का गुस्सा कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं। खाद की कमी के नाम पर सरकार की किरकिरी हो रही है। ऐसे जिलों के कलेक्टरों को हटाने पर भी विचार किया जा सकता है। सीएम ने कलेक्टरों से कहा कि, खाद वितरण सही नहीं हुआ, मतलब जिला नहीं चला पा रहे, हटाना होगा। मुख्यमंत्री ने यह नाराजगी रीवा में मंगलवार को खाद वितरण को लेकर उपजे असंतोष और वहां हुए लाठीचार्ज के चलते जताई है। सीएम डॉ. यादव ने प्रदेश के अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में खाद वितरण की स्थिति की सीएम हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में खाद वितरण के संबंध में जिला प्रशासन जरूरी व्यवस्था बनाए। जिलों में उपलब्ध खाद की उचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खाद वितरण के संबंध में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से जिला प्रशासन लगातार संवाद और संपर्क में रहे।

### हमीदिया रोड, शक्तिनगर-बंजारी में कल बिजली कटौती

**भोपाल।** भोपाल के करीब 40 इलाकों में बुधवार को 4 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें हमीदिया रोड, शक्तिनगर, बंजारी, बीमाकुंज, सागर कुंज, भूमिका रेजीडेंसी, बरखेड़ी, पंचवटी, लक्ष्मी टॉकीज रोड जैसे कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर, अनंतपुर कोकता, लक्ष्मी टॉकीज रोड, नेहरू रोड, बेलदारपुरा, सेफिया कॉलेज रोड, अलीगंज, जुमेराती एवं आसपास।

# 6 कंटेंट क्रिएटर, जिन्होंने शौक को प्रोफेशन में बदला

## अब इनके लाखों फालोअर्स; बोले- वीडियो बनाना सिर्फ टाइमपास नहीं, करियर भी हो सकता है



भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल सिर्फ झीलों का शहर ही नहीं, बल्कि अब युवा क्रिएटर्स की नई राजधानी भी बनता जा रहा है। सोशल मीडिया के दौर में जहां कंटेंट क्रिएशन एक करियर और पहचान दोनों बन चुका है, वहीं भोपाल के कई युवा अपनी क्रिएटिविटी और मेहनत से डिजिटल दुनिया में खास पहचान बना रहे हैं। हाल ही में आयोजित भोपाल क्रिएटर समिट ने इस बात को साबित किया कि यह शहर अब देशभर में उभरते टैलेंट के लिए खास बन चुका है। इस समिट में अलग-अलग क्षेत्रों के युवा क्रिएटर्स शामिल हुए और अपनी यात्रा, संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा कीं। यहां हम आपको बताते हैं उन 6 क्रिएटर्स के बारे में, जो भोपाल की युवा पीढ़ी को मोटिवेट कर रहे हैं।

### नए नजरिए से कंटेंट क्रिएशन की ओर

सोशल मीडिया की दुनिया में हर दिन हजारों नए क्रिएटर जुड़ते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही ऐसे होते हैं जो अपनी ऑरिजिनैलिटी और पैशन से आगे निकल पाते हैं। भोपाल के युवा क्रिएटर नमन उन्हीं में से एक हैं। नमन का कंटेंट ताजगी से भरा होता है, जिसमें न सिर्फ मनोरंजन है बल्कि सीख और प्रेरणा भी झलकती है।

### शौक से शुरू हुआ सफर प्रोफेशन तक पहुंचा

नमन बताते हैं कि उन्होंने कंटेंट क्रिएशन की शुरुआत महज एक शौक के तौर पर की थी। कैमरा उठाना, छोटे-छोटे वीडियो बनाना और सोशल मीडिया पर अपलोड करना- यही उनकी दिनचर्या थी। लेकिन, धीरे-धीरे समझ में आया कि कंटेंट बनाना सिर्फ टाइमपास नहीं, बल्कि करियर का रास्ता भी हो सकता है।

# छापे में मिला विदेशी कनेक्शन, 20 लॉकर, 1 करोड़ नकद

## फर्जी कंपनियां बनाकर की बोगस बिलिंग; आयकर विभाग की साइंस हाउस पर कार्रवाई



भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल में साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) पर इनकम टैक्स विभाग के छापों में टैक्स चोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई की बात पता चली है। टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से एक करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए हैं। इनकम टैक्स विभाग के अफसर साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच कर रहे हैं। जिन खातों में बड़ी रकम जमा हुई है, उसका स्रोत खंगाला जा रहा है। नकद राशि और ज्वेलरी के वेरिफिकेशन के लिए बैंक अधिकारियों की टीम को भी बुलाया गया था। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीबीडीटी को सौंपी जाएगी। कंपाइल रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को अलग से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे। कार्रवाई आज बुधवार को भी जारी है।

### राजेश गुप्ता का विदेश में भी कारोबार

आयकर विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी सर्चिंग कर रही है। उनके भोपाल में लालघाटी स्थित मकान पर जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से विदेशी लिंक का पता चला है। विदेश में उनकी संस्था और कारोबार की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में ईडी की एंट्री भी तय मानी जा रही है। यह भी पता चला है कि जितेंद्र तिवारी, राजेश गुप्ता और अन्य के यहां से अर्जित अवैध आय से रियल एस्टेट में निवेश किया गया है।

# महिला ने शादी के 7 महीने बाद किया सुसाइड

## पीएम के बाद परिजनों का आरोप-मर्चुरी से गले का मंगलसूत्र चोरी हो गया, शिकायत की



भोपाल। राष्ट्रबाण

भोपाल के जहांगीराबाद इलाके में रहने वाली नवविवाहिता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। घटना मंगलवार शाम की है। पुलिस ने बॉडी को हमीदिया अस्पताल की मर्चूरी में रखवा दिया था। बुधवार दोपहर जब बॉडी परिजनों को सौंपी गई तो महिला के गले में पहना सोने का मंगलसूत्र नहीं था। परिजनों का आरोप है कि शव रखवाते समय मंगलसूत्र गले में था। परिजनों ने डीन कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया है। जहांगीराबाद टीआई सीबी राठौर ने बताया कि 20 वर्षीय लक्ष्मी विश्वकर्मा पति दीपक विश्वकर्मा बरेली जिला रायसेन निवासी थी। दीपक भी वहीं का रहने वाला है। शादी के बाद दीपक काम की तलाश में भोपाल आया था। दोनों की शादी फरवरी में हुई थी। करीब पांच महीने से दोनों बरखेड़ी में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे।

### घर में अकेली थी तब किया सुसाइड

पत्नी घर में अकेली थी। पड़ोसियों ने उसे पत्नी की मौत की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई की, बॉडी को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। बुधवार को उसका पीएम कराया गया है। परिजनों के आरोपों की जांच हमीदिया अस्पताल के डीन कराएंगे।

### पिता बोले-ससुराल पक्ष पर कोई संदेह नहीं

मृतका के पिता हल्के विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें दामाद और ससुराल वालों पर किसी प्रकार का संदेह नहीं है। बेटी ने कभी किसी परेशानी का जिक्र भी नहीं किया। लिहाजा सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में लगाई स्वदेशी- विदेशी प्रोडक्ट्स की लिस्ट

# गणेश पंडाल में पोस्टर लगाकर ट्रंप के टैरिफ का विरोध



भोपाल। राष्ट्रबाण

बीते 27 अगस्त से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामान पर लगाया गया 50% टैरिफ लागू हो गया है। ट्रंप के इस फैसले का अलग-अलग तरह से लोग विरोध कर रहे हैं। भोपाल में बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में गणेश पांडाल में एक पोस्टर सबका ध्यान खींच रहा है।

### स्वदेशी और विदेशी प्रोडक्ट्स की लिस्ट लगाई

प्रदेश भाजपा कार्यालय में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से लगाए गए पोस्टर में लिखा है। आओ स्वदेशी अपनाएं, देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएं।

### बीजेपी ने कहा: ये टैरिफ डब्ल्यूटीओ का असर है

गणेश पांडाल में स्वदेशी के पोस्टर को लेकर मप्र रोजगार निर्माण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और बीजेपी नेता शैलेन्द्र शर्मा ने कहा, स्वदेशी जागरण मंच भारत की बहुत पुरानी संस्था है जिसमें मैने भी वर्षों पूर्व काम किया है। टैरिफ की आज जो घटना हो रही है। यदि आप लिंक करें तो डब्ल्यूटीओ (वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) के तहत डंकल प्रस्ताव हुए थे। जिसके तहत पूरे देशों में बाजार खोलने के लिए डब्ल्यूटीओ बना था। सभी देशों को उसमें शामिल किया जाना था। लेकिन भारत में 90 के दशक में जब कांग्रेस की सरकार थी उस समय स्वदेशी जागरण मंच ने विरोध किया था और बहुत लंबा आंदोलन चलाया था। तब से ही यह बात चलती रही है। आज वह इतने सालों बाद सतह पर आई है। ये डब्ल्यूटीओ के ही असर हैं जब अमेरिका के राष्ट्रपति अपने परिवार के व्यक्तिगत हितों के लिए भारत के खिलाफ उपयोग कर रहे हैं। शैलेन्द्र शर्मा ने कहा, स्वदेशी जागरण मंच का यह आग्रह आज का नहीं हैं ये आग्रह पुराने हैं। कि हम अपने देश, अपने गांव शहर में बने प्रोडक्ट का उपयोग करें। हमारे गांवों में पहले जैसा होता था कि उसी गांव में लोहार, बढ़ई, कुम्हार वहीं हैं उनके व्यवसाय चलते रहें। और यदि हम उद्यमी हैं तो हमें भी कोशिश करना चाहिए कि वर्ल्ड कॉम्पटीशन में दुनिया के बाजार खुले हुए हैं। इस बाजार में अगर मैं कोई उत्पाद बनाता हूं तो वो इस लेवल के हों कि वह खुद बनाकर अपने देशवासियों को उपलब्ध कराऊं।

संपादकीय

# छात्रों के समग्र विकास में शिक्षकों की भूमिका कितनी प्रभावी है

शिक्षकों को माता-पिता के समान माना जाता है. माता-पिता के बाद, बच्चों के समग्र विकास के लिए सबसे ज़्यादा ज़िम्मेदार शिक्षक ही होते हैं. ऐसा कहा जाता है कि देश की अगली पीढ़ी का विकास नष्ट हो जाएगा. वहीं दूसरी ओर, यदि कोई शिक्षक अपनी भूमिकाओं और अपने पद की गरिमा को भूल जाता है, तो इसका दंड पूरे समाज को लंबे समय तक भुगतना पड़ता है. शिक्षक के गुणों को खान कहा जाता है, जिनमें विषय ज्ञान, संवाद कौशल, शिक्षा के प्रति लगन, सकारात्मक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच, आविष्कारक, साहसी, चरित्रवान, बुद्धिमान, परिश्रमी, धैर्यवान, मृदुभाषी, समय की कद्र करने वाला, बिना किसी भेदभाव के सभी छात्रों को एक नज़र से देखने वाला, उनकी प्रतिभा को समझने वाला, छात्रों के कल्याण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव संघर्षशील रहना शामिल है. यही एक सच्चे शिक्षक की पहचान है. एक शिक्षक छात्रों के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत और मित्र होता है, जो छात्रों के समग्र विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. एक शिक्षक विद्यार्थियों के नैतिक और चारित्रिक विकास में भी योगदान देता है, अर्थात शिक्षक ही विद्यार्थियों को बेहतर जीवन के लिए तैयार करता है और उन्हें एक अच्छे नागरिक के रूप में ढालता है. शिक्षा का सही अर्थ केवल किताबी ज्ञान या तकनीकी कौशल प्राप्त करना नहीं है, बल्कि एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का समग्र विकास होता है. इसका उद्देश्य ज्ञान और अनुभव के माध्यम से व्यक्ति को बुद्धिमान, संवेदनशील और समाज के लिए उपयोगी बनाना है, ताकि वह जीवन की समस्याओं का समाधान कर सके और एक सभ्य नागरिक बन सके. एक समय था जब दंड समाज सेवा का एक अंग हुआ करता था, समाज सुधारकों ने दंड की लौ को जलाए रखने के लिए संघर्ष किया और समाज में क्रांति ला दी. लेकिन आज के बाजारीकरण के युग में दंड को एक व्यवसाय के रूप में देखा जाता है. देश के बड़े सरकारी अधिकारी, नेता, कर्मचारी और यहाँ तक कि स्वयं सरकारी शिक्षक भी अपने बच्चों को महंगे निजी शिक्षा संस्थानों में पढ़ाना पसंद करते हैं क्योंकि वे शायद सरकारी शिक्षा प्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं और अमीर परिवारों के बच्चों को सीधे विदेश में पढ़ाना पसंद करते हैं.



लाखों-डेढ़ लाख रुपये महीने वेतन पाने वाले सरकारी शिक्षक भी अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते हैं, ऐसा क्यों? क्या सरकारी शिक्षकों को अपनी दंड व्यवस्था पर भरोसा है? देश में शिक्षण जैसे सबसे पवित्र पेशे में भी कई जघन्य घटनाएँ दंड की दुनिया को कलंकित करती रही हैं, आज भी यह स्थिति ज़्यादा नहीं बदली है. अभी महाराष्ट्र राज्य में सरकारी स्कूल आईडी घोटाला भी काफ़ी चर्चा में है, सैकड़ों सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षकों के झूठे आँकड़े दिखाकर वेतन के नाम पर करोड़ों रुपये का गबन कर रहे थे.

डॉ. प्रितम भी. गेडाम

# अमेरिका की मनमानी शर्तों का भारत ने दिया सटीक जवाब

शक्ति का दंभ कई बार जल्दबाजी का वाहक बनता है और इस क्रम में जो फैसले लिए जाते हैं, अक्सर उन्हें लेकर ऊहापोह बना रहता है. ऐसी स्थिति में आशंकाओं के घेरे की वजह से विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक होती हैं. अमेरिका ने जिस तरह एकतरफा तौर पर अपने यहां आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने का फैसला किया, वह पहले ही सवालों के घेरे में था. उसके बाद जब उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, तब यह साफ था कि वह व्यापार वार्ता में अपनी शर्तों पर भारत की हामी चाहता है.



मगर पिछले कई दशकों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापार का जो स्वरूप खड़ा हुआ है, उसमें भारत के लिए अमेरिका की हर बात मानना संभव नहीं है. यही वजह है कि अमेरिका के रुख में सख्ती के समांतर भारत ने झुकने के बजाय अपने लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करना शुरू कर दिया. एक शानदार कूटनीति का परिचय देते हुए भारत ने रूस और चीन के साथ बातचीत को आगे बढ़ाया और चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के घोषणापत्र में भी अपने हित के मुद्दे को शामिल कराने में कामयाबी हासिल की.
भारत के रूस-चीन के साथ समीकरण अमेरिका के लिए बनेंगे चुनौती गौरतलब है कि रूस और भारत के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं. चीन के साथ सीमा विवाद के कई प्रश्न हैं और उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती, लेकिन फिलहाल आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रख कर भारत ने जो कूटनीतिक बिसात तैयार की है, उसमें रूस भी अहम भूमिका में है. अगर रूस और चीन के साथ संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े, तब स्वाभाविक ही इससे एक नया समीकरण बनेगा, जो आर्थिक और सामरिक दृष्टि से अमेरिका के लिए चुनौती साबित हो सकता है.
यही वजह है कि शुल्क लगाने को लेकर बेहद हड़बड़ी में कदम उठाने के बाद से ही अमेरिका के राष्ट्रपति और अन्य नेताओं के आए दिन ऐसे बयान सामने आ रहे हैं, जिससे ऐसा लगता कि वे दबाव पैदा करके भारत के फैसलों को प्रभावित करना चाहते हैं. अमेरिका की ओर से एक दिन शुल्क लगाने से उपजी समस्या का समाधान निकालने की उम्मीद जताई जाती है, तो अगले ही दिन धमकी या दबाव की भाषा अख्तियार कर ली जाती है. भारत ने अगर चीन में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में ठोस भागीदारी के साथ-साथ रूस और चीन के साथ संबंधों को एक नया आयाम देने की कोशिश की, तो इसमें अमेरिका के विरोधाभासी रवैये की भी बड़ी भूमिका है.
यह विचित्र है कि बदलते भू-राज-नीतिक परिदृश्य के बीच अमेरिका को यह समझने की जरूरत नहीं लगी कि अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रह गई है. भारत निश्चित रूप से अपने हित में अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को एक संतुलित आकार देना चाहता है, लेकिन अमेरिका के लिए अपनी शर्तें ज्यादा अहम हो गई लगती हैं. यही वजह है कि भारत ने वैकल्पिक उपाय के रूप में रूस और चीन के साथ सहयोग के मोर्चे की दिशा में ठोस कदम उठाए.
जब इसके नतीजे में रूस और चीन की ओर से भारत को लेकर एक विवेकसम्मत प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है, तो अमेरिका के व्यापार सलाहकार इसे चिंताजनक बता रहे हैं. सवाल यह है कि अगर अमेरिका अपने ही विरोधाभासी फैसलों से घिरा रहता है, तो उसे भारत के अपने हित में उठाए गए कदमों से परेशानी क्यों होनी चाहिए. यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बहुध्रुवीय विश्व में अमेरिका सहित किसी भी एक देश की मनमानी नहीं चल सकती.

# ऑस्ट्रेलिया में क्यों बढ़ रही है नव-नाजी सोच?

मौजूदा लोकतांत्रिक स्वरूप में आने तक दुनिया ने वैचारिक पूर्वाग्रहों के कई दुखद दौर देखे हैं. नस्लीय दुराग्रहों पर आधारित नाजीवाद का वक्त उनमें से एक था और उससे पार पाने के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी गई, कुर्बानियां दी गईं. इसके बाद आधुनिक विश्व में अगर किसी लोकतांत्रिक ढांचे वाले देश में ऐसी विचारधारा जड़ पकड़ती है और उसके निशाने पर कुछ खास समुदाय आते हैं, तो यह बेहद अफसोस और चिंता की बात है.




आस्ट्रेलिया में पनपा नव-नाजियों का समूह छोटा अवश्य है, लेकिन खतरनाक है जिन प्रवासियों ने आस्ट्रेलिया के विकास में योगदान दिया, सांस्कृतिक पहचान बनाई, आज उन्हीं को देश के लिए खतरा बता कर कई शहरों में आव्रजन विरोधी रैलियां निकाली जा रही हैं. इनमें खासतौर से आस्ट्रेलियाई-भारतीयों को निशाने पर लिया गया है. इस दौरान जिस तरह की सामग्री बांटी गई, उनमें नस्लवादी विचार तो थे ही, साथ ही इसकी जांच में इससे नव-नाजी समूहों के संबंध का भी पता चला है. हैरानी की बात है कि आधुनिक विश्व में जहां नाजीवाद की छाया से भी दूर रहना जरूरी माना जाता है, वहां कुछ लोग इसके आकर्षण में फंसे दिखते हैं. आस्ट्रेलिया में पनपा नव-नाजियों का समूह छोटा अवश्य है, लेकिन इसका विस्तार इस देश की सामाजिक समरसता को भारी नुकसान पहुंचा सकता है.
गनीमत यह है कि आस्ट्रेलिया की सरकार ने इस तरह के दुराग्रहों को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है. मगर पिछले दिनों नफरत पर आधारित कुछ घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा. ऐसे माहौल में भारतीयों की सुरक्षा और सहजता से जीने के अधिकार का मसला सबसे अहम है. भारत सरकार को इस मुद्दे पर आस्ट्रेलिया से संवाद बनाए रखना चाहिए, क्योंकि वहां फिलहाल भारतीय मूल के साढ़े आठ लाख लोग रह रहे हैं. आस्ट्रेलिया ने स्वयं आप्रवासन को समायोजित किया है.
इससे न केवल उसके विकास की रफ्तार बढ़ी, बल्कि दुनिया में उसकी बहु-सांस्कृतिक छवि भी बनी है. आस्ट्रेलिया के सत्तापक्ष से लेकर विपक्ष ने भी नव-नाजियों के रुख को शर्मनाक बताया है और स्पष्ट कर दिया है कि किसी तरह का नस्लवाद सहन नहीं किया जाएगा. उम्मीद है कि आस्ट्रेलिया सरकार की ओर से नव-नाजियों के उभार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे और भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी.

# भारत-अमेरिका संबंधों में संवाद की राह कायम



पूरी दुनिया में जब चीन से आई पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शी चिनफिंग के बीच की केमेस्ट्री दिखाती तस्वीरों का विश्लेषण हो रहा है, तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत-अमेरिकी संबंधों को संभालने की कोशिश की है. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का यह बयान भी सकारात्मक संदेश देता है कि ट्रेड डील के लिए अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है. टाइमिंग महत्वपूर्णः टैरिफ पर अड़ियल रुख के बावजूद ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन में ऐसे लोग हैं, जो अमेरिका के लिए भारत के रणनीतिक महत्व को समझते हैं. मार्को रुबियो उनमें से एक हैं. उनका बयान ही नहीं, उसकी टाइमिंग भी अहम है. जिस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते को एकतरफा बताया, उसी दिन रुबियो ने इस साझेदारी को 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता करार दिया. उन्होंने दोनों देशों की जनता के बीच बनी मित्रता को इंडिया-US पार्टनरशिप का आधार बताकर हाल में आई कटुता को दूर करने का प्रयास किया है.
पुरानी आदतः ट्रंप की छवि ऐसे राजनेता की बन चुकी है, जिसकी नीतियां अस्थिर हैं और जो व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर बदलती रहती हैं. अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रंप ने कई ऐसे बयान दिए थे, जिनके बारे में बाद में वाइट हाउस को सफाई देनी पड़ी. भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर मसले पर मध्यस्थता का प्रस्ताव हो या अमेरिकी चुनाव में दखल के मामले में रूस को क्लीनचिट देना - ट्रंप ने अपने विदेश विभाग को कई बार असमंजस में डाल दिया था. अलग रुखः अगर मौजूदा हालात को देखें, तो अब भी कुछ वैसा ही होता दिख रहा है. ट्रंप का रवैया बातचीत के सारे रास्ते बंद करने का है, लेकिन अमेरिकी रणनीतिकार जानते हैं कि इससे चीजें और बिगड़ जाएंगी. वैसे भी पश्चिमी मीडिया पीएम मोदी की चीन यात्रा और वहां पूतिन से उनकी मुलाकात को अमेरिकी डिप्लोमैसी के लिए बड़े झटके के रूप में देख रहा है. संयुक्त अभ्यासः हालांकि भारत ने कभी संवाद का रास्ता बंद नहीं किया. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का बयान इसका सबूत है. दुनियाभर में कारोबारी रिश्तों का विस्तार करने के बावजूद नई दिल्ली ने वॉशिंगटन के साथ पुराने संबंधों को नहीं छोड़ा है. इस कड़ी में यह भी अहम है कि दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त अभ्यास के लिए अलास्का में जुटी हैं. बातचीत जारी रहेः भारत और अमेरिका ने दो दशकों की मेहनत के बाद अपने संबंधों को यह ऊंचाई दी थी.

# राशिफल




■ **मेष:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है जो आपको अपने बारे में अच्छा महसूस कराएंगे. शादीशुदा लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है. किसी करीबी व्यक्ति के साथ बहस हो सकती है, इसलिए सतर्क रहें. किसी दिलचस्प व्यक्ति से मुलाकात की संभावना है. आप कड़ी मेहनत और धैर्य से अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे. आर्थिक रूप से आपकी स्थिति अच्छी रहने वाली है.

■ **वृषभ:** आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है. कारोबार के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है. परिवार के किसी सदस्य का पूरा साथ मिलेगा. आर्थिक रूप से स्थिति उतार-चढ़ाव भरी रहने वाली है. विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है. जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

■ **मिथुन:** आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है. मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है. आज का दिन आपकी आर्थिक परेशानी बढ़ा सकता है. आपके माता-पिता का स्वास्थ्य चिंता का कारण बनता है. रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बढ़िया दिन है.

■ **कर्क:** आज आपका कोई सपना पूरा हो सकता है. यात्रा करते समय सावधानी बरतें, वरना सामान चोरी हो सकता है. प्यार में जल्दबाजी में कदम उठाने से बचें. महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने से आपको प्रोफेशनल तौर पर बड़ा लाभ होगा.

■ **सिंह:** आज आपका दिन हर तरह से अनुकूल दिख रहा है. कारोबार में वृद्धि हो सकती है. नौकरी पेशा करने वालों की स्थिति अच्छी होगी. नौकरी के अच्छे अवसरों की प्राप्ति हो सकती है. सेहत में सुधार होगा. धन की स्थिति में सुधार होगा.

■ **कन्या:** आज किसी दोस्त से मुलाकात होना आपके जीवन में बदलाव लेकर आएगा. पैसों के निवेश और बचत को लेकर विचार करना अच्छा रहेगा. निवेश से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह लेना अच्छा रहेगा. आपकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए दिन अच्छा रहने वाला है.

■ **तुला:** आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है. मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है. निवेश का अच्छा रिटर्न मिल सकता है. धन लाभ के संकेत हैं. कामकाज के सिलसिले से आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आप अपने जीवन की सबसे बेहतरीन शाम अपने जीवनसाथी के साथ गुजारेंगे.

■ **वृश्चिक:** आज आपका मन अशांत रहेगा. आत्मविश्वास में कमी रहेगी. शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी. लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिल सकता है. आय में वृद्धि होगी. व्यापार में विस्तार हो सकता है. प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वालों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है.

■ **धनु:** आज आपको अपनी सेहत को पर्याप्त समय देने की जरूरत है. व्यवासायिक रूप से आपकी स्थिति अच्छी रहेगी. आर्थिक लाभ हो सकता है. शाम के लिए कुछ खास योजना बनाएं. आज आप अपने जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

■ **मकर:** आज आपका कोई सपना साकार हो सकता है. अपने उत्साह को काबू में रखें. आर्थिक लाभ मिलने की पूरी संभावना है. आपकी एनर्जी का स्तर हाई रहेगा. अपने रूप और व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे.

■ **कुंभ:** आज बड़े प्रोजेक्ट को छोटे भागों में बांट लें. संतान से आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है. घरेलू जीवन अच्छा रहेगा. परिवार की समस्याएं दूर हो सकती हैं. पार्टन-रशिप में आने वाले दिक्कतें दूर हो सकती हैं.

■ **मीन:** आज मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी. शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी. मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है. कारोबार में वृद्धि होगी. यात्रा पर जा सकते हैं. कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं. माता से धन मिल सकता है.

## फिल्म वर्ग पहेली - 439

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | | 4 | | 5 |
| | | 6 | | | | 7 | | | |
| | 8 | | | 9 | 10 | | | | |
| 11 | | 12 | 13 | | 14 | | | 15 | |
| 16 | | | 17 | 18 | | | 19 | | 20 |
| | | 21 | | | | | | | |
| | 22 | | | 23 | | 24 | | | |
| 25 | | | | | | | | 26 | |
| 27 | | | | 28 | | | | 29 | |
| | | 30 | | | | 31 | | | |

**बायें से दायें:-**

1. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-3
3. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-2
6. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-3
7. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-4
8. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-2
9. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-2
12. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-2
14. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-2
16. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-2
17. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-3
19. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-3
21. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-3
22. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-2
23. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-4
27. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-2
28. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-2
29. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-2
30. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-3
31. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-3

**ऊपर से नीचे:-**

1. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-2
2. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-4
3. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-3
4. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-3
5. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-3
10. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-3
11. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-3
13. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-3
15. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-2
18. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-2,4
19. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-3
20. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-1,2
21. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-3
24. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-2
25. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-3
26. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-3

**फिल्म वर्ग पहेली -438 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बु | लं | दी | | अं | दा | ज | | य | श |
| ड्ढा | | पा | की | जा | | मी | ना | | ह |
| मि | ली | | | म | द | र | | स | जा |
| ल | | सू | र्या | | डॉ | | शा | र | दा |
| ग | द | र | | ध | न | वा | न | | |
| या | | ज | ख्मी | | | रि | | जी | त |
| | डि | | | वि | रा | स | त | | र |
| अ | नो | खा | अं | दा | ज | | ला | ड़ | ला |
| ना | | मो | | ई | | जो | श | | |
| ड़ी | | शी | बा | | ड | र | | जु | र्म |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 439

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 20 | 22 | 22 | | 23 | 16 | 11 | 18 | |
| 14 | 3 | | 7 | | 8 | | 4 | | 26 |
| 14 | | 7 | | | | 7 | | 3 | 23 |
| 17 | 8 | | 7 | | 3 | | 2 | | 15 |
| 28 | | 9 | | 7 | | | | | |
| | | | | | 2 | | 7 | | 27 |
| 18 | | 3 | | 5 | | 6 | | 3 | 16 |
| 17 | 6 | | 5 | | | | 6 | | 19 |
| 23 | | 8 | | 4 | | 6 | | 7 | 21 |
| | 13 | 15 | 19 | 23 | | 22 | 28 | 26 | |

**अंकजाल 438 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 | 23 | 22 | | 32 | 14 | 19 | 13 | |
| 14 | 2 | 7 | 5 | | 5 | 4 | 9 | 7 | 25 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | | 9 | 3 | 7 | 2 | 21 |
| 26 | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | | | | |
| | | | | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 30 |
| 21 | 5 | 6 | 7 | 3 | | 6 | 4 | 5 | 15 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 21 |
| | 12 | 19 | 19 | 23 | | 21 | 23 | 28 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 439

*शब्दजाल में दस सफल अभिनेताओं के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

दिलीप कुमार,राजकुमार,राजेंद्र कुमार, विनोद खन्ना,अमिताभ बच्चन,शाहरुख खान,आमिर खान,सलमान,अजय देवगन,रितिक रोशन

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | हु | मे | अ | मि | ता | भ | ब | च्च | न | वि |
| ली | ख | शा | ह | रु | ख | खा | न | या | ड़ | नो |
| प | पी | अ | हे | र | ग | बा | द | ह | प | द |
| कु | ग | ए | ज | जा | बा | बू | ल | ह | लि | ख |
| मा | र | रा | जा | य | ह | ला | कि | यो | रि | न्ना |
| र | इ | वि | मो | ग | दे | वा | शी | स | ति | श |
| न | रा | ल | रा | व | म | व | न | ल | क | क्ति |
| क | र | ज | र | य | र | ह | ग | मा | रो | रे |
| र | या | बा | कु | आ | मि | र | खा | न | श | ड्डी |
| र | ग | ल | न | मा | व | शि | का | री | न | ल |
| रा | जें | द्र | कु | मा | र | ले | स | सु | रा | ल |

**शब्दजाल - 438 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गां | धी | न | ग | र | मा | ज | वा | ज | पे | यी |
| द | ह | ल | प्रे | व | जी | य | द | ह | कां | रा |
| वि | स | मा | म | को | ह | पु | म | ल | ख | म |
| मि | बैं | ग | लो | र | वा | र | ध | श्री | श | दु |
| श | आ | र | ग | बा | ज | ना | तू | न | झ | प |
| है | ल | ला | र | दि | द | मुं | ती | ग | घ | ट |
| द | व | भो | पा | ल | प | ब | ज | र | व | ना |
| रा | एं | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | न्हा |
| बा | ड | ल | को | ल | का | ता | आ | ग | शी | आ |
| द | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | भु | व | ने | श्व | र | त | ब | प | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# गरीबों का सशक्त बनाने वाली जनधन योजना

इसे विडंबना ही कहेंगे कि आजादी के 67 साल बाद भी देश के आधे परिवारों के लिए बैंकिंग तक पहुंच दूर का सपना था. वित्तीय सुरक्षा के अभाव में गरीबों के सपने कभी साकार नहीं हो पाते थे. तब भले ही बैंकों को गरीबों का हितैषी कहा जाता हो, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर उनका ढांचा गरीबों के अनुकूल नहीं रहा. देश में गरीबी की व्यापकता एवं उद्यमशीलता के माहौल में कमी का एक बड़ा कारण बैंकों तक गरीबों की पहुंच न होना रहा. 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि अब बैंकों की चौखट तक गरीबों की पहुंच बढ़ेगी, पर समय के साथ यह उम्मीद धूमिल पड़ती गई. 2013 में रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने वित्तीय समावेशन पर नचिकेता मोर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया. समिति ने सभी लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के लिए अधिक व्यापक वित्तीय ढांचे की सिफारिश करते हुअ कहा कि चूंकि गरीब बचत करते हैं, इसलिए उनके लिए एक ऐसी सुरक्षित एवं ब्याज कमाने वाली औपचारिक योजना की जरूरत है, जिस तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित की जा सके. आजादी के 67 वर्षों तक जहां आम आदमी को आसानी से बचत खाता तक नसीब नहीं हुआ, वहीं भ्रष्ट नेताओं-नौकरशाहों-ठेकेदारों के बैंक खाते विदेशी बैंकों में खुले. बैंकों की सीमित पहुंच का दुष्परिणाम यह हुआ कि हर स्तर पर बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की भरमार हो गई. इसे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह कहकर स्वीकार भी किया था कि विकास के लिए दिल्ली से चला एक रुपया गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसा ही रह जाता है. स्पष्ट है शेष 85 पैसा बिचौलियों-भ्रष्टाचारियों की जेब में जाता था. प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने "सबका साथ-सबका विकास" के लिए आम जनता को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का जो बीड़ा उठाया था, उसी के तहत थी जनधन योजना. "हर घर का पासबुक" जैसा महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से पीएम जनधन योजना शुरू करने का ऐलान किया.

# जबलपुर में पकड़ाया नकली बीड़ी का कारखाना

## घर पर बनाकर बेच रहा था ; तंबाकू, मशीन और बड़ी संख्या में पैकेट्स जब्त

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर के गोहलपुर इलाके में नकली बीड़ी का कारखाना पकड़ाया है। यहां शाहनबाज हुसैन (32) नाम का शख्स लंबे समय से नकली बीड़ी बनाकर बेच रहा था। वह जिस कंपनी के नाम से बीड़ी बनाकर बाजार में बेचा करता था, वह रजिस्टर्ड नहीं थी। शाहनबाज हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया है।





### गोहलपुर पुलिस ने ये सामान किए जब्त

गोहलपुर पुलिस ने न्यू कैल्कुलेटर बीड़ी के 40 खाली पैकेट्स, 7 बोरी में 275 पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 20 छोटे बीड़ी के बंडल) और एक 5 किलो की पॉलीथन में बिना पैक की हुई खुली बीड़ी रखी मिली। इसके अलावा न्यू कैल्कुलेटर बीड़ी के खाली पैकेट और 2 पंचिंग मशीन भी जब्त की गई है।

### देखते ही भागने लगा, घेराबंदी कर पकड़ा

गोहलपुर थाना प्रभारी रितेश पांडे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नालबंद मोहल्ले में रहने वाला शाहनवाज हुसैन अपने घर पर नकली कैल्कुलेटर बीड़ी बनाता है। उसने बड़ी संख्या में बीड़ी बनाई है और उसे बेचने की तैयारी में है। पुलिस की टीम ने दबिश दी तो घर के बाहर खड़ा शाहनवाज पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद घर की तलाशी ली गई। जहां बड़ी संख्या में नकली बीड़ी बरामद की गई।

### घर पर ही बनाता था नकली बीड़ी

आरोपी शाहनवाज हुसैन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह घर पर ही बीड़ी बनाता है। उसने न्यू कैल्कुलेटर कंपनी के नाम से पैकेट प्रिंट करवाए हैं। जिनमें पैकिंग कर वह नकली बीड़ी बेचता आया है। पुलिस ने शाहनवाज हुसैन के खिलाफ धारा 63, 65 कॉपीराइट एक्ट 1957 एवं 103 ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 के तहत कार्यवाही की है। टीम में थाना प्रभारी रितेश पांडे, उप निरीक्षक अम्बुज पांडे, आरक्षक दिनेश दुबे, समरेंद्र, संजय, आलोक, अभिरंजन, गोपाल, लालजी, दीक्षा शामिल थीं।

# जबलपुर में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

## 20 कार्यकर्ता गिरफ्तार ; छात्र संघ चुनाव की मांग कर रहे थे

जबलपुर। राष्ट्रबाण

छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए 20 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस उन्हें आधे घंटे से समझा रही थी और वे कलेक्ट्रेट जाने पर अड़े थे। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि छात्र अपने संवैधानिक अधिकार की बात भी नहीं कर पा रहे हैं। शहर के टाउन हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट की ओर निकले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घंटाघर में बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। कार्यकर्ता आगे बढ़ने के लिए बैरिकेड पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें खींचकर नीचे उतारा। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई।



### पुलिस ने आधे घंटे दी समझाइश

करीब आधा घंटे की समझाइश के बाद भी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट का घेराव करने पर अड़े रहे, तो पुलिस ने गिरफ्तारी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने हल्की लाठी भी चलाई। आशुतोष चौकसे का कहना है कि भाजपा सरकार छात्र संघ चुनाव नहीं होने देना चाहती है। जबकि प्रदेश के सभी महाविद्यालय और कॉलेज छात्रों से चुनाव का शुल्क वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों का संवैधानिक अधिकार है। इसे दबाना लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार करने जैसा है और सरकार इस मांग पर जानबूझकर ध्यान नहीं दे रही है। संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### 8 साल से नहीं हुए छात्र संघ चुनाव

मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में बीते 8 साल से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए। चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा था। कोर्ट ने पूछा था कि छात्र संघ चुनाव कराने में आखिर समस्या क्या है? याचिका में हाईकोर्ट को यह भी बताया है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रत्येक छात्र से 250 रुपए शुल्क लेता है। फिर भी चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया 2017 से ही बंद है।

# वॉश ऑन व्हील्स नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर लगातार कर रहा अपनी पहचान स्थापित

## पटना में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत विशेष अतिथि के रूप में हुए आमंत्रित

छिंदवाड़ा। राष्ट्रबाण

छिंदवाड़ा जिले से शुरू हुआ नवाचार वॉश ऑन व्हील्स अब राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता प्रबंधन का प्रेरक मॉडल बन चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव के साथ-साथ स्वच्छता साथियों को रोजगार उपलब्ध कराने वाली छिंदवाड़ा की यह पहल, बुधवार को बिहार राज्य की राजधानी पटना स्थित एक होटल में आयोजित ÷स्टेट डायलॉग ऑन वर्कफोर्स डेवलेपमेंट एंड लाइवलीहुड अपॉर्चुनिटीज ऑफ बिहार÷ कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बनी।

बिहार श्रम विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से पटना में आयोजित कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये थे। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के मिनी सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के नवाचार वॉश ऑन व्हील्स पर विशेष प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस संवाद में श्रम विभाग बिहार के सचिव एवं सीईओ स्किल डेवलपमेंट मिशन बिहार श्री दीपक आनंद, श्रम आयुक्त बिहार श्री राजेश भारती सहित यूनिसेफ की टीम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि वॉश ऑन व्हील्स पहल को पूर्व में भी विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर सराहना मिल चुकी है। हाल ही में केन्द्र स्तर पर सम्पन्न स्वच्छ भारत मिशन 3.0 की बैठक में भी इस नवाचार की विशेष चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने की, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने देशभर से आए सभी राज्यों के मंत्रियों के समक्ष छिंदवाड़ा जिले की वॉश ऑन व्हील्स पहल का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी छिंदवाड़ा जिले की इस अनूठी और प्रभावशाली पहल की प्रशंसा की थी। यह नवाचार आई.एस.सी.- फिक्की सेनिटेशन अवार्ड्स 2025 के लिए भी नामांकित हो चुका है।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के नेतृत्व में यह नवाचार निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है। अब यह पूरे मध्यप्रदेश में लागू होने जा रहा है और शीघ्र ही पूरे देश में भी लागू किया जाएगा।

# जबलपुर में 28 दिन बाद पकड़ाया हत्या का आरोपी, किशोरी को कुल्हाड़ी मारकर भागा था

## मां से कहा था- मेरी नहीं हुई तो किसी और की नहीं होने दूंगा

जबलपुर। राष्ट्रबाण

जबलपुर में 17 वर्षीय किशोरी के घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शादी से इंकार पर उसने 28 दिन पहले घटना को अंजाम दिया था। तब से वह फरार था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी राकेश रैकवार (22) पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा का निवासी है। वह 5 अगस्त तड़के सुबह किशोरी के घर की छत काटकर अंदर घुसा और कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी। उसे भागते समय किशोरी की छोटी बहन ने देखा और शोर मचाया। इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने पाटन थाना पुलिस को सूचना दी।



### मां से कहा- मेरी नहीं तो किसी की नहीं

किशोरी जब कभी भी स्कूल जाती तो राकेश रैकवार उससे बात करने की कोशिश करता। लड़की ने जब मना किया तो आरोपी उसकी मां के पास पहुंच गया और शादी करने का प्रस्ताव रखा। राकेश ने कहा कि मैं तुम्हारी लड़की से शादी करना चाहता हूं। इस पर उन्होंने समझाते हुए कहा कि तुम्हारी और हमारी जाति अलग है, शादी नहीं हो सकती। इतना सुनते ही राकेश बोला कि यदि तुम्हारी बेटी, मेरी नहीं हुई तो मैं किसी और की नहीं होने दूंगा, इसी बात को लेकर राकेश ने रंजिश रखना शुरू कर दिया, और इंतजार करने लगा कि बेइज्जती कब बदला लूं।



### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

5 अगस्त की दरमियानी रात किशोरी और अपनी छोटी बहन के साथ कमरे में सो रही थी, इसी बीच आंगन की छत काटकर आरोपी राकेश अंदर घुसा और उस कमरे में चला गया, जहां किशोरी सो रही थी। आरोपी ने लड़की को जगाया और कहा कि मुझसे शादी नही होगी, तो जिंदा रहकर क्या करेगी, इतना कहने के बाद राकेश ने किशोरी पर कुल्हाड़ी से उसके सिर पर एक के बाद कई वार किए और वहां से फरार हो गया। आवाज सुनकर मृतिका की छोटी बहन ने चिल्लाया तो परिवार वाले के संग आसपास के लोग आ गए। कुल्हाड़ी लगने से किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की जानकारी लगते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राकेश के खिलाफ धारा- 103 (1),332 (क) बीएनएस 3 (2) (अ) एससी/एसटी एक्ट के तहत कायम कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

### फरारी के दौरान कर रहा था मजदूरी

नाबालिग की हत्या करने के बाद से फरार आरोपी के खिलाफ एसपी संपत उपाध्याय ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इधर, पाटन थाना पुलिस लगातार हत्यारे की तलाश में जुटी हुई थी। पाटन थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि हत्यारा राकेश पड़ोसी जिले में छिपकर मजदूरी कर रहा है। जानकारी लगते ही थाना प्रभारी ने एसपी और एएसपी को हत्यारे के विषय में बताया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्यारे को गिरफ्तार करने के बाद पाटन लेकर आई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जिस कुल्हाड़ी से उसने हत्या की थी, उसे जंगल में छिपा दिया है। पुलिस ने हथियार जब्त कर लिया है।

# जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खुले

## 6 फीट तक बढ़ेगा नर्मदा का जलस्तर, घाटों से दूर रहने की अपील



जबलपुर। राष्ट्रबाण

मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण जबलपुर का बरगी बांध सौ फीसदी भर गया है। सहायक नदियों से बांध में पानी की आवक जारी है। जिसे देखते हुए आज (बुधवार) दोपहर 12 बजे बांध के 9 गेट खोल दिए गए हैं। जिससे नर्मदा का जलस्तर 5 से 6 फीट तक बढ़ सकता है। बांध प्रबंधन ने नर्मदा घाट और तटीय क्षेत्रों में रहने वालों से नर्मदा नदी से दूरी बनाकर रखने की अपील की है। आज सुबह 8 बजे बांध का जलस्तर 422.85 मीटर दर्ज किया गया, जो इसकी कुल क्षमता का 100.80% है। बांध में फिलहाल 1001 क्यूमेक पानी की आवक हो रही है। बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए, बांध के 9 गेट 0.78 मीटर की औसत ऊंचाई तक खोले गए हैं। जिससे 1097 क्यूमेक जल निकासी होगी। प्रशासन ने सभी से विशेष सावधानी बरतने और नदी के किनारे अनावश्यक रूप से न जाने का आग्रह किया है।

### चार दिन खुले रहे थे 9 गेट

इससे पहले बरगी बांध के 9 गेट 25 अगस्त को खोले गए थे और 28 अगस्त को बंद किए गए थे।

# जिले में अभी तक 859.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिंदवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 859.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1076.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 03 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 18.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का हुआ आयोजन

छिंदवाड़ा। राष्ट्रबाण

जिले में अब परम्परागत खेती को लेकर किसानों में बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसका जिम्मा जिले के प्राकृतिक खेती करने के लिये इच्छुक किसानों द्वारा उठाया जा रहा है, जो प्रयोग के तौर पर एक एकड़ में कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती करेंगे, जिसके लिये विभाग द्वारा किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिये भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना प्रारंभ की गई है। इसी तारतम्य में आज कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में कृषि एवं एलाइड विभागों के साथ नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा श्री जितेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा योजना के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिले को योजना के अंतर्गत 50 क्लस्टर के लक्ष्य प्राप्त हुये हैं, जिसमें प्राकृतिक खेती करने वाले इच्छुक कृषकों का चयन किया जाना है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती के लिये जिले को 33 बायो इनपुट रिसोर्स सेन्टर (बीआरसी) स्थापित करने के लिये लक्ष्य प्राप्त हुये हैं, जिसमें प्रति 03 प्राकृतिक खेती के क्लस्टर के लिये 02 बायो इनपुट रिसोर्स सेन्टर (बीआरसी) की स्थापना किया जाना है। बैठक में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती करने में किसानों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जोड़ने के निर्देश दिये गये। योजना में बायो रिसोर्स सेन्टर की स्थापना के लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिले में उत्पादित जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादो की मार्केटिंग पर विशेष जोर देने की आवश्यकता की बात कही गई, जिससे किसानों की आय बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## वकील-जज पर फिल्माए गए गाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर, भाई वकील है' गाने को चुनौती

# जॉली एलएलबी-थ्री फिल्म विवादों में घिरी

जबलपुर। राष्ट्रबाण

फिल्म जॉली एलएलबी-3 में जस्टिस और वकील के बीच फिल्माए गाने पर अपत्ति दर्ज करवाते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। 9 सिंतबर को इसकी सुनवाई होगी। याचिका जबलपुर निवासी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी की ओर से दायर की गई है, जिसमें एडवोकेट प्रमोद सिंह तोमर और आरजू अली पैरवी करेंगे। अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी फिल्म में भाई वकील हैं। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि फिल्म में गले में बैंड लगाकर, गाउन पहनकर डांस किया गया है, जो कि वकालत के गणवेश को अपमानित कर रहा है। जॉली एलएलबी-3 19 सिंतबर को रिलीज हो रही है। अक्षय कुमार अरशद वारसी पर फिल्म में एक गाना फिल्माया गया है, जिसके बोल है कि फिक्र ना कर तेरा भाई वकील है। गाने में कोर्ट रूम भी दिखाया है, जहां लड़कियां डांस कर रही हैं। याचिकाकर्ता के वकील प्रमोद सिंह तोमर का कहना है कि फिल्म में जो गाना वह आपत्तिजनक है।



अधिवक्ता प्रमोद सिंह तोमर ने बताया कि न्यायपालिका के जज के लिए मामू जैसे शब्द का उपयोग किया जा रहा है, जिसके संदर्भ में याचिकाकर्ता ने राज्य शासन, प्रमुख सचिव गृह विभाग, सचिव, सूचना एवं प्रसारण, भारत सरकार, नई दिल्ली और चेयरमैन सेंट्रल बोर्ड आफ फिल्म सर्टिफिकेशन को पक्षकार बनाते हुए फिल्म के गाने पर अपत्ति दर्ज करवाते हुए फिल्म से इस गाने को अलग किया जाए। न्यायपालिका की जो छवि वो जनता के मन में स्वच्छ रहे, और इस गाने से वकील और जज की छवि धूमिल ना हो।

इससे पहले पटना हाईकोर्ट में पैरवी करने वाले अधिवक्ता नीरज कुमार ने भी जॉली एलएलबी-3 के खिलाफ याचिका दायर की है। उनका आरोप है कि फिल्म में न्यायपालिका और वकालत पेशे को अपमानजनक ढंग से दर्शाया गया है, जिससे वकीलों की गरिमा को ठेस पहुंची है। याचिका में फिल्म के गाने और ट्रेलर पर रोक लगाने बार काउंसिल से अनुमति लेने और भविष्य में अपमानजनक चित्रण रोकने के लिए दिशा निर्देश बनाने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि विवादित गीत और ट्रेलर पर तत्काल रोक लगाई जाए।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 4 सितंबर 2025

बैतूल राष्ट्रबाण

• मुलताई • बैतूल बाजार • आमला • भैंसादंड • सारणी • बोरदई • आठनेर

# दस्तक अभियान में कम उपलब्धि वाले विकासखंडों को जारी होंगे नोटिस

## कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला स्वास्थ्य समिति की ली बैठक

बैतूल। राष्ट्रबाण

**कलेक्टर** नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी कक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े से समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने सिकल सेल, दस्तक अभियान, 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, संस्थागत प्रसव की सम्पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान अंतर्गत टीबी स्क्रीनिंग को अधिक से अधिक बढ़ाने एवं चिन्हित मरीजों को आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दवा मुहैया कराने की जिम्मेदारी के लिए बीएमओ को निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराये जाने, सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं की शत-प्रतिशत जानकारी पोर्टल एप के माध्यम से अपडेट करने के निर्देश दिये। उन्होंने सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग पूर्ण कर रोग ग्रस्त मरीजों को यूडीआईडी एवं जेनेटिक कार्ड 7 दिवस के भीतर बनाकर देने के निर्देश दिए इसके अलावा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आने वाले 554 ग्रामों में एक माह के भीतर जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं उनके कार्ड एवं टीबी स्क्रीनिंग शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। दस्तक अभियान में कम उपलब्धि वाले विकासखंडों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।



### हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

क्वालिटी कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित संस्थाओं में कायाकल्प, एनक्यूएएस एवं मुस्कान के लिये संस्था स्तरीय असेसमेंट कर पाए गए गेप को पूर्ण कर फाइनल असेसमेंट के लिये आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये। एसएनसीयू से डिस्चार्ज होने वाले समस्त बच्चों का आवश्यक रूप से आशा एवं आरबीएसके टीम के माध्यम से फॉलोअप करने, आरबीएसके की टीम द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग कर 4डी का चिन्हांकन कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान करने एवं सर्जरी की जाने बच्चों की लाईन लिस्ट करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत 70 एवं अधिक आयु वर्ग के हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने, परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत मैदानी कार्यकर्तावार लक्ष्य देकर नसबंदी सेवा आवश्यकता दिए गए लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं आईडीएसपी कार्यक्रम अंतर्गत एस,पी एवं एल फार्म की रिपोटिंग निर्धारित समय पर शतप्रतिशत करने, मौसमी बीमारी की आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। दिनांक 4 से 9 सितम्बर तक सभी स्वास्थ्य संस्थाओं की पैन इंडिया मॉक ड्रिल की जाने एवं समस्त जानकारी आईएचआईपी पोर्टल में दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंडवार समीक्षा की एवं कम उपलब्धि प्राप्त करने वाले विकासखंडों को शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, डीसीएम, जिला सीपीएचसी सलाहकार, बीपीएम, बीईई, बीसीएम मौजूद रहे।

### कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एमडीआर एवं सीडीआर पर विशेष ध्यान देते हुए होने वाली मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की जानकारी 24 घण्टे के भीतर निर्धारित प्रपत्र एवं ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज कराने एवं कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हाई रिस्क गर्भवती माताओं की विशेष रूप से मॉनिटरिंग की जाये, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दिन 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती माताओं को जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी में जांच के लिए भेजने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी को सार्थक पोर्टल पर पंजीकृत कर प्रतिदिवस की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से दर्ज किये जाने एवं माह सितम्बर 2025 को वेतन सार्थक पर उपस्थिति के आधार पर दिये जाने के निर्देश दिये। सिकल सेल नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि जो ग्रामीण आबादी सिकल सेल से पीड़ित है उन्हें यूडी, आईडी कार्ड एक सप्ताह के भीतर बनाकर घर-घर पहुंचाये जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सीएचओ एवं एएनएम अपने निर्धारित मुख्यालय पर रहकर स्वास्थ्य सेवाएं करें।

# तेज बारिश से मकान की छत गिरी, बाल-बाल बचा परिवार





बैतूल। राष्ट्रबाण

**कोठी** बाजार क्षेत्र के शिवाजी वार्ड में स्थित एक मकान की छत बीती रात तेज बारिश के कारण गिर गई। इस हादसे में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। छत के गिरने से मकान में रखी सामग्री मलबे में दब गई। इससे परिवार को काफी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार कोठी बाज़ार के शिवाजी वार्ड में रहने वाले नासिर उर्फ खान भाई पिता पीर खान का मकान स्थित है। मंगलवार की रात में हुई जोरदार बारिश के कारण उनके मकान की छत गिर गई। इस दौरान मकान में वह स्वयं व दो छोटे भाई-बहन थे, लेकिन वे मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। इससे किसी तरह का बड़ा हादसा नहीं हुआ परिवार के लोगों को मामूली चोटे आई है उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात में जोरदार बारिश हो रही थी। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात में बारिश के कारण अचानक छत गिर गई। ईश्वर की मेहरबानी से किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। मकान की छत के गिरने और इसके मलबे में गृहस्थी की सामग्री दब गई, पलंग व साइकल टूट गई। कपड़े की अलमारी,स्टील की पीने के पानी गुंडी समेत अन्य सामग्री दब गई इससे काफी नुकसान हुआ है।

# बैतूल जिला कांग्रेस भवन का नाम 'विनोद भवन' रखने की मांग तेज

बैतूल। राष्ट्रबाण



**जिला** कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) ने बैतूल में बनने वाले जिला कांग्रेस भवन का नामकरण पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. विनोद डागा के नाम पर करने की मांग एक बार फिर जोर-शोर से उठाई है। इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जब ÷वोट चोर गद्दी छोड़÷ रैली में बैतूल पहुंचे, तब जिला कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष (अल्पसंख्यक विभाग) आबिद खान (आबू) ने प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि स्व. डागा ने अपना पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित कर दिया था। वे न केवल विधायक रहते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय रहे बल्कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए भी हमेशा आगे रहे। प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में उन्होंने कांग्रेस को आर्थिक और वैचारिक दोनों स्तरों पर मजबूती दी। अंतिम समय तक वे पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित रहे। ऐसे में उनके योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए जिला कांग्रेस भवन का नाम 'विनोद भवन' रखा जाना चाहिए।

यह मांग कोई पहली बार नहीं उठी है। वर्ष 2021 में भी बैतूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात कर यही मांग रखी थी। लेकिन अब दोबारा यह मुद्दा जोर पकड़ रहा है और कार्यकर्ताओं का मानना है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के सामने यह मांग रखकर इसे जल्द से जल्द अमल में लाया जाना चाहिए।

ज्ञापन को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का व्यापक समर्थन मिला। इस अवसर पर राहुल पटेल, सोनू राठौर, तरुण मानकर, मनीष साहू, विजय पारधी, कुणाल चंदेलकर, रशीद कुरैशी, शिवम् आर्य, सोनू जायसवाल, अभय वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्व. विनोद डागा का जीवन कांग्रेस पार्टी और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहा है। उनकी स्मृति में बैतूल जिला कांग्रेस भवन का नामकरण किया जाना न केवल उचित होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

# ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित

**बैतूल।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल pfarmer.mpdage.org पर विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की प्रक्रिया 2 सितंबर से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, श्रेडर/मल्चर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, बेलर, हे रेक, स्ट्रॉ रेक एवं स्लेशर जैसे यंत्रों के लिए किए जा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा तथा पृथक से लॉटरी की सूचना प्रकाशित की जाएगी। आवेदन के साथ किसानों को धरोहर राशि के रूप में डिमांड ड्राफ्ट डीडी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर के लिए राशि 4500 रूपए, श्रेडर/मल्चर के लिए राशि 5500, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल के लिए 3 हजार, बेलर के लिए 15 हजार, हे रेक/स्ट्रॉ रेक के लिए 5 हजार तथा स्लेशर के लिए 2 हजार की डीडी सहायक कृषि यंत्री बैतूल के नाम से बनवाकर जमा करना होगा। बिना धरोहर राशि के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# गणपति बप्पा की भक्ति में डूबा मोती वार्ड



## रोजाना हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बैतूल। राष्ट्रबाण

**मोती** वार्ड चक्कर रोड पर गणेश वेलफेयर उत्सव समिति द्वारा लगातार तीसरे वर्ष गणपति बप्पा की स्थापना बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ की गई। समिति के सभी सदस्यों ने मिलजुलकर आयोजन को सफल बनाया। अष्टमी के दिन विशेष आकर्षण देखने को मिला, जब सभी महिलाओं ने एक ही रंग की साड़ी और पुरुषों ने पारंपरिक पायजामा-कुर्ता पहनकर एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर 21 आरतियों की विशेष श्रृंखला सजाई गई और भक्तों ने मिलकर पूजा-अर्चना की। गणेश वेलफेयर समिति की ओर से अध्यक्ष विमल सुराना, सचिव आनंद साहू, उपाध्यक्ष प्रीति नरवरे और कोषाध्यक्ष श्री पाठक ने बताया कि प्रतिदिन बच्चों और बड़ों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिन्हें बड़ी धूमधाम से संपन्न किया जाता है। अब तक सुंदरकांड और महिलाओं के भजनों का आयोजन हो चुका है, जिसमें भक्तों की भारी उपस्थिति रही। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी सदस्य तन, मन और धन से सहयोग कर इस आयोजन को सफल बनाने में आगे आते हैं। उन्होंने सभी भक्तजनों से आकर बप्पा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने का निवेदन भी किया है।

## पिछले 24 घंटे के दौरान 7.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**बैतूल।** जिले की औसत वर्षा 1083.9 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 812.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 916.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 3 सितंबर 2025 को प्रात÷ 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 7.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# कढ़ाई गौशाला में सृजन भारती ने लगाया वेकसीनेशन कैम्प



बैतूल। राष्ट्रबाण

**गौ** सेवा के लिए समर्पित सृजन भारती समिति के सदस्यों द्वारा कढ़ाई स्थित गौशाला में 3 दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। विदित है कि कढ़ाई स्थित गौशाला नगर पालिका द्वारा संचालित थी जिसका संचालन सृजन भारती समिति को प्राप्त होने के बाद समिति के सदस्यों ने गौवंश के स्वास्थ्य लाभ के लिए वहां उपस्थित 135 गोवंश के लिए पशु चिकित्सालय विभाग के माध्यम से सभी गौवंश का तीन दिन का कैंप लगाकर वैक्सीनेशन किया। जिसमें अस्वस्थ गोवंश का इलाज भी पशु चिकित्सालय के कर्मचारी और डॉक्टर के द्वारा किया गया। इसमें मुख्य रूप से डॉ यशपाल चौहान, डॉ विनीत धुर्वे तथा पशु चिकित्सालय से सेवानिवृत्ति युगल किशोर डिगरसे का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के अंतिम दिन मंगलवार को गौशाला संचालन समिति के अध्यक्ष दीपक पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में समिति के उपाध्यक्ष हरीश गढेकर, कोषाध्यक्ष बलराम जसूजा, सचिव विजय हारोड़े, सह सचिव मृदुल मालवी, मीडिया प्रभारी सोनू बोरबन, राहुल वडुकले, बाबा माकोड़े सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पीएम श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला आलमगढ़ के विद्यार्थियों को साइकिल का किया वितरण

# निःशुल्क साइकिल पाकर विद्यार्थियों के खिले चेहरे

बैतूल। राष्ट्रबाण



**चिचोली** विकासखंड के पीएम श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला आलमगढ़ में बुधवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 14 विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गई। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक उठी। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन को सफल बनाने का सबसे सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साइकिल मिलने से अब ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे आसानी से विद्यालय आ-जा सकेंगे और पढ़ाई में निरंतरता बनाए रख पाएंगे। उन्होंने ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और समाज सेवा की भावना को भी अपनाएं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में गांव, समाज और देश का नाम रोशन करते हैं।

कार्यक्रम में मंडल कोषाध्यक्ष मोहित आर्य, कृष्णकुमार बिसौने, अनिल आर्य, धीरेन्द्र आर्य, राजेश यादव, राजकुमार बंशकार तथा विद्यालय के प्राचार्य किशोरीलाल उईके उपस्थित रहे। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साइकिल मिलने से निश्चित ही बच्चों की पढ़ाई और नियमितता में सुधार होगा।

# जिलों में उर्वरक वितरण में अव्यवस्था के लिए कलेक्टर होगें उत्तरदायी : सीएम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की अतिवृष्टि तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा

बालाघाट। राष्ट्रबाण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिलों में उर्वरक वितरण के संबंध में जिला प्रशासन आवश्यक व्यवस्था बनाए। उपलब्ध उर्वरक की उचित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद और संपर्क में रहे। उर्वरक वितरण की व्यवस्था में किसान संगठन के प्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाए। जिलों में यदि उर्वरक वितरण को लेकर अव्यवस्था होती है तो उसके लिए जिला कलेक्टर उत्तरदायी होंगे। राज्य सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में उर्वरक वितरण की स्थिति की बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अधिकारी उपस्थित थे। सभी जिले के कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी वर्चुअली जुड़े।

### किसानों को जिले में उपलब्ध उर्वरक की वास्तविक स्थिति से निरंतर करावाये अवगत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में उर्वरक उपलब्धता की सघन समीक्षा की जाए। साथ ही जिले में उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा करें, इससे किसानों को जिले में उर्वरक उपलब्धता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन डबल लॉक, पैक्स और निजी विक्रय केंद्रों का आकस्मिक सत्यापन और उनकी मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से करें। अतिरिक्त विक्रय केन्द्र की आवश्यकता होने पर उनका संचालन तत्काल आरंभ किया जाए। कृषि, सहकारी बैंक, विपणन संघ के अधिकारी निरंतर सम्पर्क में रहें।




### उर्वरक की बेहतर वितरण व्यवस्था में हुए नवाचारों का करें अनुसरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उर्वरक वितरण व्यवस्था के संबंध में धार, दमोह, जबलपुर और रीवा जिले के कलेक्टरों से चर्चा की। दमोह कलेक्टर ने बताया कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से सतत् सम्पर्क और संवाद सुनिश्चित करते हुए वितरण व्यवस्था में उनका सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही टोकन वितरण और उर्वरक वितरण को अलग-अलग किया गया है। टोकन तहसील कार्यालय से बांटे जा रहे हैं और वितरण विक्रय केन्द्रों से किया जा रहा है। जबलपुर कलेक्टर ने बताया कि किसानों के लिए टोकन वितरण की व्यवस्था फोन कॉल द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। उर्वरक वितरण केन्द्रों पर डिस्पले बोर्ड लगाए गए हैं। बोर्ड न पर टोकन नंबर प्रदर्शित कर उर्वरक वितरण किया जा रहा है। डिस्पले बोर्ड पर जिले में उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा भी प्रदर्शित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य जिलों को भी इस प्रकार के नवाचार अपनाने के निर्देश दिए।

### उर्वरक से संबंधित अवैध गतिविधियों के लिए हुईं 53 एफ.आई.आर और 88 लायसेंस किए निरस्त

बैठक में खरीफ 2025 के लिए यूरिया, डी.ए.पी, एन.पी.के, एस.एस.पी, एम.ओ.पी तथा डी.ए.पी एन.पी.के की उपलब्धता, ट्रांजिट की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही नेनो एवं जैविक उर्वरक वितरण कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, अवैध परिवहन और नकली उर्वरक आदि से संबंधित प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए 53 एफ.आई.आर दर्ज की गई और 88 लायसेंस निरस्ती, 102 लायसेंस निलंबन सहित 406 विक्रय प्रतिबंधित की कार्यवाही की गई।

### बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति में सजग और सक्रिय रहे पुलिस प्रशासन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिन-जिन क्षेत्रों में भी अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों को क्षति हुई है, वहां राहत के लिए तत्काल कार्रवाई आरंभ की जाए। साथ ही जनहानि और पशु हानि की स्थिति में 24 घंटे में राहत उपलबध कराई जाए। बाढ़ के दौरान अस्थाई कैम्प व्यवस्था, राशन वितरण, भोजन वितरण आदि की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सामग्री सभी संभावित स्थानों पर उपलब्ध हो। आगामी दिनों में भी भारी वर्षा की संभावना है। सभी जिलों में पुलिस प्रशासन सक्रिय और सजग रहते हुए पुल-पुलिया में बैरिकेटिंग और बाढ़ की स्थि ति में पुल क्रास न करने की चेतावनी की व्यवस्था जैसी सभी आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करें।

### प्रदेश में दर्ज की गई औसत से 21 प्रतिशत अधिक वर्षा

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 1 जून से 2 सितम्बर तक 971.5 एमएम अर्थात् 38.24 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जो औसत से 21 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के 21 जिलों में भिण्ड, छतरपुर, श्योपुर, ग्वालियर, नीमच, मुरैना, शिवपुरी, अशोकनगर, अलीराजपुर, सिंगरौली, राजगढ़, मण्डला, सीधी, टीकमगढ़, गुना, नरसिंहपुर, दतिया, रतलाम, उमरिया, रायसेन और सिवनी में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक वर्षा गुना, मण्डला, श्योपुर, रायसेन और अशोकनगर में दर्ज हुई। प्रदेश के प्रमुख बांधों में जलभराव की स्थित की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

### प्रभावित 17,500 कृषकों के लिए 20 करोड़ रूपए से अधिक की राहत राशि स्वीकृत

बैठक में बताया गया कि बाढ़ और अतिवृष्टि में कुल 394 जनहानि हुई और 5 हजार से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए। बाढ़ से 1814 पशुहानि भी दर्ज की गई। शिवपुरी, बुरहानपुर, दमोह, अशोकनगर, धार, छतरपुर, रायसेन, उमरिया, बड़वानी, मंडला और कटनी जिलों का कुल 12 हजार हेक्टेयर रकबा अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित हुआ है। प्रभावित 17 हजार 500 कृषकों के लिए 20 करोड़ रूपए से अधिक की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

# गर्भवती की मौत के बाद सख्त हुआ स्वास्थ्य विभाग

## झोलाछाप डॉक्टर, अवैध क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब पर कसा शिकंजा

लालबर्रा/बालाघाट। राष्ट्रबाण



सुश्री डॉ रितु धुर्वे, बीएमओ : झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी सख्त कार्यवाही।

ग्राम टेंगनीकला में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला की दर्दनाक मौत के बाद आखिरकार स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया और अब खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुश्री रितु धुर्वे ने मोर्चा संभालते हुए झोलाछाप डॉक्टरों, बिना अनुमति क्लीनिक और अवैध पैथोलॉजी लैब पर कड़ा रुख अपनाया है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरोपी झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक से समस्त सामग्री जप्त कर ली है। हालांकि अब तक उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। जिला स्तर से अगली कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। इसी बीच, 2 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा के सभागार में बीएमओ डॉ. रितु धुर्वे ने थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लालबर्रा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रैक्टिस कर रहे निजी डॉक्टरों और पैथोलॉजी लैब संचालकों को बुलाया गया। जांच में कई डॉक्टरों और लैब संचालकों के दस्तावेज अधूरे पाए गए। बीएमओ ने सभी को 15 दिन का समय दिया है कि वे अपने दस्तावेज पूरे करें, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि गर्भवती महिलाओं और पांच साल से छोटे बच्चों का इलाज कोई निजी डॉक्टर नहीं करेगा, बिना लापरवाही किये मरीजों को तुरंत अस्पताल रेफर करना होगा। तो पैथोलॉजी लैब संचालकको पंजीयन और तकनीशियन के प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। अनुपस्थित डॉक्टरों और लैब संचालकों को नोटिस जारी किया जाएगा। डॉ. रितु धुर्वे ने जनता से भी अपील की कि वे अपनी जान से खिलवाड़ न करें और बिना डिग्री वाले डॉक्टरों से इलाज न करवाएं। उन्होंने कहा, सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध हैं। यहां गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधा है। लोग सीधे अस्पताल आएं और सुरक्षित इलाज प्राप्त करें। इस सख्ती से लालबर्रा नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध पैथोलॉजी लैब संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बीएमओ द्वारा दस्तावेज दिखाने के लिए बुलाए जाने पर लालबर्रा नगर से केवल एक पैथोलॉजी संचालक उपस्थित हुआ तो वही लालबर्रा क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 25 से 30 डॉक्टर ही आए। अधिकांश अनुपस्थित रहे, जिन्हें अब नोटिस दिया जाएगा।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम बगड़ी एवं खांडाफरी के वन पट्टाधारक बैगा किसानों को उन्नत कृषि यंत्र का वितरण



बालाघाट। राष्ट्रबाण

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 02 सितम्बर को कृषि विभाग द्वारा जिले के विकासखंड लांजी के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम बगड़ी एवं खांडाफरी के वन पट्टा धारक आदिवासी एवं बैगा किसानो को उन्नत कृषि यंत्र का वितरण किया गया। आदिवासी एवं बैगा जनजाति के किसान बहुत कम कीमत पर उन्नत कृषि यंत्र स्प्रे पंप मिलने से खुश है। इन किसानो को स्प्रे पंप का उपयोग करना भी सिखाया गया। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी श्री अमित नारनौरे के द्वारा क्षेत्रीय जनपद सदस्य दिनेश लाड़े, खांडाफरी सरपंच श्री राजू सैयाम, टेकरी सरपंच श्री प्रभूदयाल किरमें, पूर्वाटोला सरपंच श्री गणेश बागड़े एवं सहायक सचिव श्री राजू मर्सकोले की उपस्थिति में वन पट्टाधारियों को उन्नत कृषि यंत्रो का वितरण किया गया। इसमें चमार सिंह मडावी, दयाल उइके, सकूंताबाई मर्सकोले, बिहारीलाल मर्सकोले, तरासनबाई उइके, रामेश्वर चौधरी को 90 प्रतिशत अनुदान पर उन्नत कृषि यंत्र-4 स्ट्रोक इंजन पावर स्प्रेयर (कैपेसिटी 25 ली.)प्रदाय किया गया। इस दौरान प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार खरे, कृषि विस्तार अधिकारी अमित नारनौरे, विकासखण्ड तकनीकि प्रबंधक श्री अजय बिजेवार, सहायक तकनीकि प्रबंधक श्री विनय उइके भी उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग द्वारा राजसात वाहनो की नीलामी के लिए 9 सितम्बर तक निविदाएं आमंत्रित

बालाघाट। राष्ट्रबाण

जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, राजसात किये गये वाहनो की नीलामी के लिये सील बद निविदायें जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय बालाघाट द्वारा आमंत्रित की गई है। सीलबंद निविदा 28 अगस्त से 09 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 04 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी बालाघाट में जमा की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं 10 सितम्बर को दोपहर 02 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म जिला आबकारी कार्यालय बालाघाट से 09 सितम्बर को दोपहर 03 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार उरांव ने बताया कि अवैध शराब के परिवहन एवं व्यवसाय में जब्त किये गए 05 राजसात वाहनों में 02 होण्डा मोटरसाईकिल, 01 टाटा इंडिगो कार, 01 बजाज प्लेसर मोटर साईकिल एवं 01 साईकिल शामिल है। होण्डा मोटर साईकिल क्रमांक एमपी-50-एमयू-7225 की ऑफसेट प्राईस 45 हजार रुपये, टाटा इंडिगो कार की ऑफसेट प्राईस 34 हजार 650 रुपये, बजाज प्लेसर मोटर साईकिल की ऑफसेट प्राईस 26 हजार 400 रुपये, हीरो होण्डा अचीवर मोटर साईकिल की आफसेट प्राईस 3850 रुपये तथा साईकिल की आफसेट प्राईस 410 रुपये निर्धारित की गई है। राजसात किये गए यह आबकारी वृत्त कार्यालय वारासिवनी, कटंगी, थाना हट्टा एवं कोतवाली बालाघाट में रखे गए है। निविदाकार इन वाहनों का मौके पर जाकर अवलोकन कर सकते है। राजसात किये गए इन वाहनों की कुल आफसेट प्राईस 01 लाख 10 हजार 310 रुपये रखी गई है। निविदाकर्ता को निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में आफसेट प्राईस की आधी राशि जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला आबकारी कार्यालय बालाघाट से सम्पर्क किया जा सकता है।

# परसामऊ हायर सेकेंडरी में चलित विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

## प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को दी गई विज्ञान की जानकारी

बालाघाट। राष्ट्रबाण




आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा संचालित चलित विज्ञान प्रदर्शनी बालाघाट जिले के भ्रमण पर है। इस चलित विज्ञान प्रदर्शनी का वाहन 03 सितम्बर को दुरस्थ क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसामऊ पहुंचा और वहां के विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विज्ञान के महत्व और विज्ञान की जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि परसामऊ विद्यालय में इस प्रदर्शनी के आयोजन के दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी। विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से रोचक तरीके से विज्ञान के रहस्य बताये गए जो उनके लिए ज्ञानवर्धक रहें। सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने बताया कि यह चलित विज्ञान प्रदर्शनी जिले के तीनो आदिवासी विकासखंड बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा के स्कूलों में भ्रमण करेंगी और बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक करेंगी। यह चलित प्रदर्शनी 16 अक्टूबर तक पाथरी, गढ़ी, खजरा, आमगांव, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर, उत्कृष्ट विद्यालय बैहर, उमावि निक्कुम, जॉनपुर, पलेहेरा, मंडई, सांदीपनी विद्यालय मलाजंखड, उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानेगांव, दमोह, कचनारी, डाबरी, बिठली एवं उकवा का भ्रमण करेंगी और वहां के बच्चो को विज्ञान संबंधी रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदान करेगी।

# आंगनवाड़ी सहायिका को सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी

बालाघाट। राष्ट्रबाण

बालाघाट के एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने ग्राम खुरसोड़ी के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-01 की सहायिका श्रीमती अन्नपूर्णा दूधमोंगरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन में उनके द्वारा किसी तरह की सहायता नही किये जाना एवं हितग्राही महिलाओ व बच्चों के अभिभावको से अनावश्यक विवाद करने के कारण क्यों न उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाए। सहायिका अन्नपूर्णा दूधमोंगरे को 03 दिनों के भीतर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बालाघाट ग्रामीण के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नही मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही कर सहायिका की सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेंगी। कोसमी सेक्टर की पर्यवेक्षक द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-01 खुरसोड़ी का निरीक्षण करने पर पाया गया था कि आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती अन्नपूर्णा दूधमोंगरे द्वारा अपने कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है। उसके द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की साफ सफाई, बच्चों को केंद्र में लाना व छोड़ना, बच्चों को पोषण आहार प्रदान करना, बर्तन साफ करना तथा बच्चों का वजन व ऊंचाई मापने में कार्यकर्ता का सहयोग नही किया जा रहा है।

## विकास कार्यों के लिए 620 करोड़ रुपये के तैयार किये गए प्रस्ताव

# 100 ग्रामों में विकास कार्यों के प्रस्तावों पर कलेक्टर ने की अधिकारियों से चर्चा

बालाघाट। राष्ट्रबाण



बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 100 ग्रामों को चिन्हित कर उनमें बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने अधिकारियों की बैठक लेकर चिन्हित ग्रामों के लिए प्रस्तावित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल एवं विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिन्हित 100 ग्रामों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा 31 करोड़ 76 लाख 66 हजार रुपये की सड़को, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 02 करोड़ 08 लाख रुपए के पेयजल संबंधी कार्य, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा 13 करोड़ 44 लाख 16 हजार रुपए के विद्यतीकरण कार्य, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 02 करोड़ 68 लाख रुपए के स्वास्थ्य सेवा संबंधी कार्य, खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 06 करोड़ 60 लाख रुपए के उचित मूल्य दूकान व गोदाम निर्माण, महिला बाल विकास द्वारा 05 करोड़ 63 लाख रुपए के आंगनवाड़ी सेवाओं के विस्तार कार्य, शिक्षा विभाग द्वारा 09 करोड़ 42 लाख 80 हजार रुपए, आयुष विभाग द्वारा 03 करोड़ 45 लाख रुपए, उद्योग विभाग द्वारा 08 करोड़ 35 लाख रुपए, मत्स्योद्योग द्वारा 02 करोड़ 33 लाख रुपए, पशुपालन विभाग द्वारा 45 लाख रुपए, जनजाति कार्य विभाग द्वारा 11 करोड़ 91 लाख रुपए, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा 189 करोड़ रुपए, पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा 71 करोड़ 21 लाख रुपए, उद्यानिकी विभाग द्वारा 28 लाख 27 हजार रुपए तथा जल संसाधन विभाग द्वारा 260 करोड़ 82 लाख रुपए के कार्य प्रस्तावित किये गए है। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने विभागवार प्रस्तावित कार्यों एवं उनकी उपयोगिता के संबंध में की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिन्हित ग्रामों में खरीफ के साथ-साथ रबी सीजन में फसलों की सिंचाई सुविधा के लिए जल संरचना के कार्य प्रस्तावित करें। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि चिन्हित ग्रामों में बीटी सडक की बजाए सीसी सड़क प्रस्तावित करें। एमपीईबी के अधिकारी को चिन्हित ग्रामों में बिजली उपलब्ध कराने के लिए ट्रांसफॉर्मर एवं लाईन विस्तार के कार्य प्रस्तावित करने कहा गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 4 सितंबर 2025

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

## बाइक से हो रही थी गांजे की तस्करी; 720 ग्राम गांजा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बरघाट। राष्ट्रबाण।

**सिवनी** जिले में अवैध मादक पदार्थों का धंधा लगातार सक्रिय है। पुलिस द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद नशे का कारोबार पूरी तरह थमा नहीं है। इसी कड़ी में बरघाट पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बाइक के जरिए गांजे की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 720 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल, मोबाइल और नगद राशि जब्त की है।

बरघाट एसडीओपी ललित गठरे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मोहनीश सिंह बैस के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। बरघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि साल्हे कोसमी तिराहे मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा लेकर खड़ा है और तस्करी की फिराक में है।




सूचना पर थाना स्तर पर तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक प्लास्टिक की थैली में गांजा पाया गया। बरामद गांजे का वजन 720 ग्राम निकला, जिसकी कीमत लगभग 8,000 रुपये आंकी गई है।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस कार्रवाई में बरघाट एसडीओपी ललित गठरे, निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सहायक उपनिरीक्षक रामअवतार डेहरिया, आरक्षक तरुण टेंभरे, संजू उइके, नपेन्द्र, उत्लेश, विनोद, केशरीनंदन ऐड़े, उमेन्द्र, अनिल मर्सकोले की अहम भूमिका रही।

### आरोपी की पहचान और पूछताछ

पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम बलराम पटले पिता दुर्जनलाल पटले (उम्र 52 वर्ष), निवासी ग्राम मेहरा पिपरिया थाना कान्हीवाड़ा, जिला सिवनी बताया। उसके कब्जे से गांजे के साथ एक बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी04 केएम 7930) जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 40,000 रुपये है। इसके अलावा आरोपी के पास से मोटोरोला कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल (कीमत 10,000 रुपये) और नकद 900 रुपये भी बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने यह गांजा देवीसिंह काकोडिया पिता भागचंद काकोडिया (उम्र 35 वर्ष), निवासी ग्राम विजयपानी थाना कान्हीवाड़ा, जिला सिवनी से खरीदा था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने देवीसिंह काकोडिया को भी गिरफ्तार कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

बरघाट पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 484/25, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी लंबे समय से इस धंधे में लिप्त हैं या हाल ही में इसमें शामिल हुए हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि गांजा किस नेटवर्क के माध्यम से खरीदा-बेचा जा रहा था। आरोपियों से 720 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (कीमत लगभग 8,000), मोटोरोला कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल (कीमत लगभग 10,000), बजाज कंपनी की डिस्कवर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 04 केएम 7930 (कीमत लगभग 40,000) और नगद 900 रुपये पुलिस ने जप्त किया।

## फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

### गबन मामले में फरार सोसायटी संचालक व प्रबंधक पर 2-2 हजार का इनाम घोषित


जगन्नाथ वासुदेव, फरार आरोपी।

सिवनी। राष्ट्रबाण

**जिले** के केवलारी थाना क्षेत्र में करोड़ों की गड़बड़ी के एक गंभीर मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों पर आखिरकार पुलिस ने इनाम घोषित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खैररांजी के सोसायटी संचालक जगन्नाथ वासुदेव और समिति प्रबंधक संजय वाघमारे पर लगभग 17 लाख रुपए के गबन का आरोप है। दोनों आरोपी विगत एक वर्ष से अधिक समय से फरार हैं और पुलिस की गिरफ्त से दूर बने हुए हैं।

यह मामला पत्रकार संजीत सिंह बघेल की शिकायत पर सामने आया था। शिकायत के बाद तत्कालीन केवलारी एसडीएम ने जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट में गबन का मामला सिद्ध पाया गया और इसके आधार पर केवलारी थाना प्रभारी को दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की शरण

सूत्रों के अनुसार, फरार आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली में अग्रिम जमानत याचिका भी दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। इसके बावजूद दोनों अब तक पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके हैं। ऐसे में पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद ने 25 अगस्त 2025 को एक आदेश जारी करते हुए दोनों आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। आदेश में कहा गया है कि थाना केवलारी के अपराध क्रमांक 291/2024 धारा 409, 34 भादवि तथा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दर्ज प्रकरण में आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए जनसहयोग अपेक्षित है।

### जानकारी गोपनीय

पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी उद्घोषणा के अनुसार जो कोई भी व्यक्ति, अधिकारी या कर्मचारी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कराएगा अथवा ऐसी सूचना उपलब्ध कराएगा जिससे गिरफ्तारी संभव हो सके, उसे दो हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। यदि सूचना देने वाले या गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले एक से अधिक व्यक्ति होंगे, तो इनाम की राशि के वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक लेंगे।

## तीन पिकअप वाहनों से मवेशियों की तस्करी पकड़ी गई

### 14 मवेशी बरामद, 7 आरोपी गिरफ्तार



सिवनी। राष्ट्रबाण

**जिले** में मवेशी तस्करों की सक्रियता लगातार सामने आ रही है। पुलिस समय-समय पर कार्रवाई कर इनके मंसूबों पर पानी फेर रही है। इसी क्रम में लखनादौन पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन पिकअप वाहनों से 14 मवेशियों को बरामद किया और 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

लखनादौन थाना प्रभारी किरत सिंह धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों को पिकअप वाहनों में भरकर मंडला जिले की ओर ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई और वाहनों की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम ने बायपास ब्रिज के पास तीन पिकअप वाहनों को रोका। तलाशी लेने पर सभी वाहनों में कुल 14 मवेशी पाए गए। पुलिस ने तत्काल मवेशियों को मुक्त कराकर सुरक्षित गौशाला भिजवाया।

पहले पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 49 जेएफ 4858 से पांच मवेशी बरामद किए गए। इस वाहन में बैठे आरोपियों की पहचान राजेश पिता जगदीश जाटव (नरसिंहपुर, पलोहा निवासी), हीरालाल पिता छिदामी काछी और सुंदरलाल पिता विपतलाल मेहरा (निवासी छींदा, केवलारी) के रूप में हुई। दूसरे पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 15 च 7135 से चार मवेशी मिले। इसमें रामलाल पिता मुन्नालाल जाटव (नरसिंहपुर, पलोहा निवासी) और संतोष पिता विपतलाल मेहरा (छींदा, केवलारी निवासी) शामिल पाए गए।

तीसरे पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 49 जेडई 2037 से पांच मवेशी मिले। इसमें भैया साहब पिता मेंहगू अहिरवार (निवासी बम्होड़ीकला, नरसिंहपुर) और मोहनलाल पिता बलराम यादव (निवासी औरईघोट, मंडला) शामिल थे। पुलिस ने सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं, बरामद किए गए सभी मवेशियों को पास की सुरक्षित गौशाला में पहुंचाया गया है।

## भीमगढ़ संजय सरोवर बांध के चार गेट खोले



सिवनी। राष्ट्रबाण

**सिवनी** जिले में रुक रुककर हो रही बारिश से नदी नाले पुल पुलिया लबालब हो गए हैं। और रपटों के ऊपर से पानी बह रहा है। बारिश के कारण छपारा में स्थित भीमगढ़ संजय सरोवर बांध के चार गेट खोलकर सुबह से पानी छोड़ा जा रहा है।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री उदय मर्सकोले ने जानकारी देते हुए बताया कि बांध में लगातार जल की आवक हो रही है। जिसके चलते आज सुबह 9 बजे चार गेट खोल कर लगभग 21000 घन फिट प्रति सेकंड की दर से वैनगंगा नदी में पानी छोड़ा गया है और निचले इलाकों में सतर्कता को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। भीमगढ़ संजय सरोवर बांध के गेट खोले जाने के बाद बालाघाट और महाराष्ट्र के गोंदिया भंडारा में वैनगंगा नदी में छोड़े गए पानी का असर देखने को मिलता है जिसको लेकर बालाघाट और गोंदिया में भी अलर्ट जारी किया गया है। जिले में 1062.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से अब तक 1062.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। तहसीलवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी तहसील में 894.2 मि.मी, कुरई में 731.7 मि.मी., बरघाट में 973.4 मि.मी., केवलारी में 1364.4 मि.मी., छपारा 1013.5 मि.मी, लखनादौन में 1046.6 मिमी, धनौरा में 1007.4 मिमी एवं घंसौर में 1571.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 8501.9 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

### पेंच बांध के गेट खोले जाने की संभावना, नदी किनारे सतर्क रहें

कार्यपालन यंत्री एस के सिरसाम पेंच व्यपवर्तन संभाग क्रमांक-1 द्वारा बताया गया है कि पेंच व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत निर्मित पेंच बांध (माचागोरा बांध) के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार वर्षा होने से बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से बांध का जलस्तर नियंत्रित बनाए रखने हेतु वर्षा के दौरान समय-समय पर गेट खोले एवं बंद किए जाएंगे। इससे पेंच नदी सहित अन्य नदियों में जल प्रवाह अचानक बढ़ सकता है। अत: आमजन से अपील है कि वर्षा ऋतु समाप्त होने तक नदियों, नालों और तटों से दूर रहें तथा मवेशी व मोटर पंप सुरक्षित स्थानों पर रखें। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग कर सतर्कता बरतने की अपील की है।

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत कुरई में दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



सिवनी। राष्ट्रबाण

**मुख्य** कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरई ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ओरिएण्टेशन एवं कार्यशाला का आयोजन 02 सितम्बर से 03 सितम्बर 205 तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रशांत उईके की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत इस योजना के माध्‍यम से धरती आबा के चयनित ग्राम आदि सेवा केन्‍द्र के लिए स्‍थल चयन कर प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र के रूप में स्थापित किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार कर विकास खंड स्तरीय कार्ययोजना का निर्माण सुनिश्चित किया गया साथ ही धरती आबा के चयनित ग्राम का ग्रामीण स्तरीय भ्रमण एवं बैठकों का कार्यक्रम तैयार करने संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर पर सामाजिक कार्यकर्ता स्वंयसेवक व जनजातीय समुदाय की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए विजन प्लान तैयार करने की जानकारी भी दी गई।

## जांच परिणाम में उर्वरक के अमानक पाए जाने पर भण्डारित उर्वरकों का विक्रय प्रतिबंधित

सिवनी। राष्ट्रबाण

कलेक्टर सुश्री संस्‍कृति जैन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि सिवनी के मार्गदर्शन में जिलें में कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्‍य से निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में जिले में उर्वरक निरीक्षकों द्वारा उर्वरक विक्रेता संस्थानों से लगातार उर्वरक नमूने लिये जा रहे है। इसी तारतम्य में निरीक्षकों द्वारा लिये गये 3 उर्वरक नमूनों के परीक्षण परिणाम अमानक स्तर का पाये पर अमानक उर्वरक के लाट को विक्रय प्रतिबंधित कर संबंधित संस्था आशीष कृषि केन्द्र मोहगांव का बेन्टोनाईट सल्‍फर उर्वरक, म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित बरघाट का सिंगल सुपर फास्‍फेट एवं म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित लखनादौन का डी.ए.पी. उर्वरक को तत्‍काल प्रभाव से विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही उक्त विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब चाहा गया है साथ ही भण्‍डारित उर्वरक कितने कृषको को वितरण किया गया की जानकारी भी संबंधित संस्थाओं से चाही गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलेवार खाद-बीज उपलब्धता एवं अतिवृष्टि की तैयारियों की समीक्षा की

सिवनी। राष्ट्रबाण

**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके लिए सभी उर्वरक वितरण केंद्रों पर सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए टोकन व्यवस्था लागू की जाए, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी दिनों में संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों को पूर्व तैयारियां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से हुई फसल नुकसानी, जनहानि अथवा पशुहानि के घटनाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत राशि का वितरण किया जाए। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कराकर राहत कार्य प्रारंभ किए जाएँ।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगामी दिवसों में फसल कटाई उपरान्त नरवाई जलाने की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अभी से किसानों को समझाइश दी जाए। किसानों को सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे आधुनिक उपकरणों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता बनी रहे।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433